

उत्तराखंड के वित्त मंत्री डा. प्रेम चंद अग्रवाल विधानसभा में बजट पेश करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 73 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

GOVT. OF PUNJAB

# एक साल पंजाब दे नाल

**26797** नई नौकरियां

**90%** घरों का बिजली बिल शून्य

**14 लाख** किसानों को मिला मुफ़्त बिजली का फ़ायदा

**500 आम आदमी क्लीनिक** 142 अन्य

117 स्कूल ऑफ एमिनेंस **(₹200 करोड़)**

गन्ने की **सर्वोत्तम कीमत** कोई **बकाया नहीं**

**₹41043 करोड़** का नया निवेश

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स **567** गिरफ्तार

भ्रष्टाचार विरोधी अभियान **380** गिरफ्तार

पराली जलाने के **30% कम** मामले

शहीदों के परिवारों के लिए **₹1 करोड़** एक्स-ग्रेशिया

कपूरथला और होशियारपुर में **नए मेडिकल कॉलेज**



**भगवंत मान**
मुख्य मंत्री, पंजाब

Punjab Land of Unlimited Opportunities

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# 'सरपंच कोटेशन से 5 लाख तक के कार्य करवा सकेंगे'

## सरपंचों का मानदेय 3 से बढ़ाकर किया 5 हजार, पंचों का भी एक हजार से बढ़ाकर किया 1600 रुप

8 ई-टेंडरिंग में कोई कठिनाई आएगी तो उसको दूर किया जाएगा। सरकार ने ई-टेंडरिंग से सरपंचों के हाथ मजबूत किए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों से आह्वान किया कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता के प्रति अपनी जिम्मेवारी समझें और गांव के विकास कार्य पारदर्शिता से करवाएं। उन्होंने कहा कि ई-टेंडरिंग में कोई कठिनाई आएगी तो उसको दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने ई-टेंडरिंग से सरपंचों के हाथ मजबूत किए हैं, इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी और कार्य शीघ्रता से पूरे होंगे। मुख्यमंत्री ने सरपंचों की कोटेशन के आधार पर विकास कार्य की सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रूपए करने की घोषणा की, साथ ही उन्होंने सरपंचों का मानदेय 3 से बढ़ाकर 5



हजार तथा पंचों का भी एक हजार से बढ़ाकर 1600 रुपए करने की घोषणा करते हुए इसको सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर महंगाई भत्ते के साथ जोड़ने की बात कही। भविष्य में सरपंच ग्राम सचिव की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में अपनी टिप्पणी दर्ज कर सकेंगे। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा निवास में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी.उमाशंकर, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल, ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक संजय जून भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि इस



वित्त वर्ष के आखिरी तिमाही के लिए आवंटित किए गए 1100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव 31 मार्च 2023 से पहले अपलोड कर दें। इनमें ग्राम पंचायतों को 800 करोड़, ब्लॉक समितियों को 165 करोड़ तथा जिला परिषदों को 110 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। उन्होंने बताया कि अब तक 6217 पंचायतों में से 5048 पंचायतों ने विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 2 लाख से कम राशि के 9418 कार्यों के प्रस्ताव मिल चुके हैं, जबकि 2 लाख से अधिक राशि के 1044 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत अपलोड किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की सोशल-ऑडिट के लिए ग्राम स्तर पर मौजिज लोगों की एक कमेटी बनाई जाएगी जो गांव में होने वाले विकास कार्यों पर नजर रखेगी।

## 'एसवाईएल पर अपना फैसला लागू करवाए सुप्रीम कोर्ट'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसवाईएल के मुद्दे पर अपना स्टैंड साफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सही तरीके से लागू करवाया जाए। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन कोर्ट का समय पूरा होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी है। अगली सुनवाई की तारीख तय होने पर हरियाणा अपना पक्ष पूरी मजबूती के साथ रखेगा। उन्होंने कहा कि



सुप्रीम कोर्ट पहले ही हरियाणा के पक्ष में फैसला दे चुका है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हरियाणा व पंजाब की तीन बैठकें हो चुकी हैं। जिसमें पंजाब सरकार ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया है। अब हरियाणा ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि वह अपने फैसले को लागू करवाए। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा पहले ही बजट में एसवाईएल के निर्माण के लिए सौ करोड़ से अधिक की राशि रख चुका है। सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा का यह प्रयास है कि अदालत के फैसले को लागू करवाया जाए।

## 'खेल-खेल में अब हर बच्चा संख्या-ज्ञान में बनेगा निपुण'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवार्डी डॉ. विजय कुमार चावला द्वारा गणित दक्षताओं को विकसित करने लिए तैयार इंटरएक्टिव डिजिटल ई-फ्लिप बुक और फ्लैश कार्ड खेल पिटारा का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी संख्यात्मक ज्ञान कौशल विकसित करने में डिजिटल ई-फ्लिप बुक तथा फ्लैश कार्ड खेल पिटारा किट मील का पत्थर साबित होगी। कंवरपाल ने कहा कि आज के आधुनिक डिजिटल युग में ह्यनिपुण भारत मिशनह्व के तहत छात्रों में संख्यात्मकता और उससे संबंधित अवधारणाओं की बुनियादी समझ और दक्षता विकसित करने के लिए गेमीफिकेशन तकनीक बेहतरीन तकनीकों में से एक है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में संख्यात्मक ज्ञान से सम्बंधित बुनियादी समझ और दक्षताएं

8 इंटरएक्टिव डिजिटल ई-फ्लिप बुक और फ्लैश कार्ड खेल पिटारा का विमोचन किया

विकसित करने के लिए डिजिटल तथा ऑफलाइन गणित खेलों की डिजिटल इंटरैक्टिव ई-फ्लिप बुक में 32 खेल शामिल किए गए हैं। विद्यार्थी डिजिटल तथा ऑफलाइन खेलों के माध्यम से खेल-खेल में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक उद्देश्यों- जोड़-घटा, भाग तथा गुणा करना जैसी विभिन्न दक्षताओं का आकलन स्वयं कर पाएँगे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इंटरैक्टिव डिजिटल ई-फ्लिप बुक और फ्लैश कार्ड पिटारा में डिजिटल और ऑफलाइन गेम दिव्यांग विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए हैं। ये सभी खेल ध्यान विकार वाले विद्यार्थियों के लिए वास्तव में लाभदायक सिद्ध होंगे।

## पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा महाराष्ट्र में भी गर्माया: सहगल

**हिसार:** पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा महाराष्ट्र में भी गर्मा गया है और महाराष्ट्र सरकार के लाखों कर्मचारी पिछले चार दिनों से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। इससे पहले हरियाणा के कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर संघर्ष पर हैं। यह बात अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन एमएल सहगल ने बुधवार को महाराष्ट्र में उठे ओपीएस मुद्दे पर बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में नगर निकाय, अस्पतालों में कार्यरत पैरामेडिकल स्टाफ, सफाई कर्मचारी व शिक्षकों सहित सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी शामिल हैं।

## गांवों में स्कूलों व आंगनवाड़ियों का रखरखाव जिला परिषदों के हवाले

### जिला परिषदों को मिलेंगे सरकारी कार्यालय, बस ठहराव का निर्माण व सड़कों की मरम्मत की भी होगी जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने जिला परिषदों को स्वायत्ता प्रदान करते हुए कई तरह के अधिकार देने का ऐलान किया है। अब प्रदेश के सभी जिलों में जिला परिषदों के लिए अलग से कार्यालय बनाए जाएंगे, जिसमें जिला परिषद के सीईओ के अलावा जिला परिषद चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा अन्य स्टाफ के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इसे जिला परिषद सचिवालय का नाम दिया जाएगा। इस समय हरियाणा के ज्यादातर जिलों में दूसरे सरकारी कार्यालयों के साथ चल रहे हैं। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब नई पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव हुए हैं तब से जिला परिषदों में 110 करोड़, पंचायत समितियों में 165 करोड़ तथा ग्राम पंचायतों को एसएफसी के माध्यम से 850 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग विंग का गठन पहले ही किया जा चुका है। जिला परिषदों तथा पंचायती राज संस्थाओं की स्वायत्ता के लिए कई योजनाओं को लागू किया जाएगा। जिसके लिए हरियाणा का एक

8 अब प्रदेश के सभी जिलों में जिला परिषदों के लिए अलग से कार्यालय बनाए जाएंगे

दल जल्द ही कर्नाटक का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषदों को कई तरह के अधिकार दिए जाएंगे। जिसके तहत अब जरूरत के अनुसार गावों में जिला परिषदों द्वारा बस क्यू शेल्टर का निर्माण करवएंगी। इसके अलावा गावों में शिवधाम अथवा कब्रिस्तान के रख-रखाव, चारदीवारी आदि के निर्माण का काम भी जिला परिषदों के माध्यम से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गावों में चार करम के रास्तों को पक्का करने, मंडी बोर्ड के अधीन आती सडकों की मरम्मत करने की जिम्मेदारी जिला परिषदों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ग्रामीण स्कूलों में बनने वाले मिड डे मील की निगरानी, स्कूली इमारतों व आंगनवाडियों के मरम्मत कार्य भी जिला परिषदों के माध्यम से करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला परिषदों में अब सीईओ व चेयरमैन हर माह बैठकों का आयोजन करेंगे। तीन माह बाद एक संयुक्त बैठक होगी। जिसमें विकास कार्यों पर अंतिम मोहर लगाई जाएगी।

## पंजाब से तस्करी कर गुजरात ले जा रही 490 पेटी अवैध शराब हरियाणा में जब्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** पुलिस द्वारा शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए हुए जिला महेन्द्रगढ़ में कंटेनर से भारी मात्रा में 490 पेटी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने इस सिलसिले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक कंटेनर में पंजाब से शराब भरकर गुजरात ले जाई जा रही है। जिस पर पुलिस टीम ने 152डी हाईवे पर नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ समय बाद दादरी की तरफ से एक कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया जिसे रुकने का इशारा किया। कंटेनर की तलाशी ली गई, जिसमें गत्ता पेटियों में भारी मात्रा में भिन्न-भिन्न प्रकार की शराब भरी हुई थी। गिनती करने पर कुल 490 पेटी शराब बरामद हुइ जिनकी कीमत लाखों में आंकी गई है। पुलिस ने जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपित पंजाब से कंटेनर में शराब भरकर लाया था और गुजरात लेकर जा रहा था। कंटेनर की और कागजातों की जांच करने पर पता चला कि आरोपित ने डिफेंस कैंटीन के सामान की फर्जी बिल्टी कटवाई हुई थी, जबकि कंटेनर में शराब की पेटियां भरी हुई थी। पुलिस ने कंटेनर से फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की हैं।

## गर्मी के मौसम में बिजली, पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की होगी पूरी व्यवस्था

### मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए पूरी तैयारी करने के निर्देश, हीट वेव के कारण फसली नुकसान न हो, इस पर भी संबंधित विभाग रखे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने आगामी गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि को देखते हुए प्रदेश में बिजली, पेयजल, सिंचाई के लिए पानी की निर्बाध आपूर्ति सहित स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला उपायुक्तों के साथ अहम बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कौशल ने निर्देश देते हुए कहा कि तापमान में वृद्धि को देखते हुए बिजली, पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए सभी संबंधित विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें ताकि किसी भी प्रकार से आमजन को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, हीट वेव के कारण होने वाली बीमारियों के बचाव के लिए भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहे। साथ ही, हीट वेव के कारण फसली नुकसान न हो, इस पर भी संबंधित विभाग पूरी निगरानी रखे। कौशल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता पीने के पानी की है। तत्पश्चात सिंचाई के लिए पानी की



आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसलिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी पानी की उपलब्धता व उसका उचित उपयोग सुनिश्चित करें और तथा फील्ड अधिकारियों के लिए एसओपी भी जारी करें। उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि पानी की चोरी को रोकना एक बड़ी चुनौती है, इसलिए वे अपने क्षेत्रों में पानी की चोरी की घटनाओं पर निगरानी रखें। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है, तो तुरंत उस पर कार्रवाई करें। इसके लिए विशेष टीमें भी गठित की जा सकती हैं। इसके अलावा, सभी जिला उपायुक्त हर 15 दिन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें, ताकि जिले में पानी की उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का पता लग सके और यदि कहीं पानी की कमी की संभावना बनती है तो तुरंत उसकी सूचना मुख्यालय को दें। उन्होंने कहा कि हीट वेव व हीट स्ट्रोक से नागरिकों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध किए जाने चाहिए। साथ ही, गर्मी में आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के मद्देनजर फायर ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हीट वेव के चलते गेहूं या अन्य कोई सीजनल फसल खराब न हो, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी रखें और किसानों को सिंचाई के तौर-तरीकों सहित अन्य आवश्यक जानकारियों सहित समय-समय पर एडवाइजरी भी जारी की जाए।

## धन्ना भगत की जयंती मनाई जाएगी: सीएम मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पहली सरकार है जिसने सर्व समाज के सभी संत महात्माओं एवं महापुरुषों की जयंतियाँ सरकारी स्तर पर मनाने का आरम्भ किया ताकि प्रदेश के लोग उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इसी कड़ी में सरकार द्वारा गाँव धनौरी में 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक धन्ना भगत जी की जयंती धूमधाम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला के नेतृत्व में मिलने आए जींद ,कैथल ,फतेहाबाद ,हिसार व संगरूर जिले के धन्ना भगत जी से जुड़ी संस्थाओं



के मुखिया और खाप पंचायतों के प्रतिनिधि, सरपंचों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर धनौरी गांव की समिति की ओर से मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को पगड़ी पहनाई गई और धन्ना भगत जी की प्रतिमा भेंट की गई । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आए हुए प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए कि धन्ना भगत जी की जयंती कैसे भव्य और धूमधाम से मनाई जाए। मुख्यमंत्री से मिलने आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल गांव धनौरी स्थित धन्ना भगत से सम्बन्धित संस्था के प्रधान ने कहा कि धन्ना भगत जी का हरियाणा के धनौरी गाँव में पुराना मंदिर स्थित है। यहाँ हर वर्ष धन्ना भगत जी की जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन श्री सुभाष बराला के अलावा गाँव धनौरी के धन्ना भगत समिति के सभी प्रतिनिधि सरपंच कपिल , पूर्व सरपंच मेवा सिंह ,भरथा राम,वेदपाल , राजा राम , धनौरी गौशाला के प्रधान संदीप ,सोनू कुमार , राजेश व प्रताप पहलवान,बीजा राम , कैथल के जिला अध्यक्ष अशोक गुजर , सुरेश संधु , वीरेंद्र छोत , अजीत चहल , जींद जिलाध्यक्ष राजू मोर ,मीडिया कोऑर्डिनेटर रणदीप घनघस के अलावा पंजाब के संगरूर जिले से धन्ना भगत सेवा समितियों के अनेक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** एंटी करप्शन ब्यूरो की हरियाणा की टीम ने नूहं जिले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी चांद सिंह नगीना के डिपो होल्डर से कमीशन राशि जारी करने के बदले 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत नगीना के रहने वाले डिपो होल्डर मोहम्मद मुस्तफा ने एसीबी को दी थी।

## प्रदेश में कांग्रेस का सत्ता में आना तय: प्रदेशाध्यक्ष उदयभान

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
कांग्रेस पार्टी के आगामी 2 अप्रैल को यमुनानगर में होने वाले विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव पिजोरा में आयोजित बैठक में प्रदेशाध्यक्ष उदयभान पार्टी कार्यकर्ताओ के बीच पहुंचे। जहां पर कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान को गदा देकर व शाल और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता बृजपाल छप्पर व पूर्व प्रत्याशी पिंकी छप्पर व जसवीर सिंह अहलावत के आह्वान पर आयोजित विशाल जनसभा में पुरुष व महिलाएं पहुंची। प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस उदयभान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का सत्ता से जाना तय हो गया और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी।
पिछले 9 बरस से जनता भाजपा के कुशासन से तंग आ चुकी है।उन्होंने कहा कि किसान, मजदुर, कर्मचारी, व्यापारी और युवा सड़कों पर धक्के खा रहे हैं। महंगाई इस कदर बढ़ गई कि गरीब आदमी को खाने के लाले पड़े हुए हैं।
पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम आसमान को छू रहे। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि आगामी 2 अप्रैल को यमुनानगर में विपक्ष आपके समक्ष कांग्रेस पार्टी द्वारा विशाल रैली होगी। उसके लिए उन्होंने लोगों को न्योता दिया और कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। रादौर से पार्टी के विधायक डॉ.बी.एल सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह और हुड्डा दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की लहर बन चुकी है आने वाले समय में तूफान बनेगी।
प्रदेश के किसान, मजदूर, कर्मचारी और व्यापारी का भला सिर्फ हुड्डा की सरकार में हो सकता है।इस मौके पर इनेलो के वरिष्ठ नेता लालाराम भंभोल और भाजपा वरिष्ठ व किसान नेता कश्मीरी लाल सैनी ने पार्टी को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा।

## बंद के बाद जागा प्रशासन, संगठनों को बातचीत के लिए बुलाया

### 16 मार्च को जिला उपायुक्त अधिकारियों संग संगठनों से करेंगे बातचीत, सुरक्षा व्यवस्था व नशा तस्करी पर नियंत्रण बाबत मंथन करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिला में लगातार बढ़ती नशा तस्करी व आपराधिक घटनाओं के विरोध में बीते दिन हुए ऐतिहासिक फतेहाबाद बंद के बाद जिला प्रशासन ने बंद का आह्वान करने वाले सामाजिक संगठनों को बैठक का निमंत्रण दिया है। जिला उपायुक्त कार्यालय की तरफ से संगठनों को बातचीत के लिए 16 मार्च को लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में बुलाया गया है। बैठक में जिला उपायुक्त स्वयं आॅला अधिकारियों संग संगठनों द्वारा सौंपे गए मांगपत्र के अलावा जिला की सुरक्षा व्यवस्था व नशा तस्करी पर



नियंत्रण बाबत मंथन करेंगे। गौरतलब है कि बीते दिन शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के आह्वान पर शहरवासियों ने स्वेच्छा से 12 बजे तक का ऐतिहासिक बंद करके जता दिया था कि अब वह अपराध और नशा तस्करी को कहीं भी बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। रोष प्रदर्शन कर रहे संगठनों ने जिला प्रशासन को 7 दिन में अपराध व नशा मुक्त फतेहाबाद बनाए जाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने का अल्टीमेटम दिया था। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने मांग पत्र लेने उपरांत

8 संगठनों को बातचीत के लिए 16 मार्च को लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में बुलाया गया

जल्द बंद का आह्वान करने वाले संगठनों के पदाधिकारियों से बैठक करके हालात सुधारने की दिशा में कड़े निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। बंद के अगले ही दिन जिला उपायुक्त कार्यालय से बंद का आह्वान करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह को सभी संगठनों के अध्यक्षों के साथ इस बैठक में आने का न्यौता दिया गया। हालांकि पहले यह बैठक 16 मार्च की सुबह होनी थी, लेकिन किन्ही कारणों से इसे दोपहर बाद किया गया है।
प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा कि डीसी कार्यालय से उन्हें 16 मार्च को बैठक का न्यौता मिला है। बंद में अहम भूमिका निभाने वाले सभी संगठनों के अध्यक्षों को साथ वे बैठक में जाएंगे।
इस दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बारे अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद है, जिला उपायुक्त जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस बैठक में बड़े निर्णय लेंगे।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 16 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 73 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हिमाचल के भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।




# चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार 350 रुपए न्यूनतम दिहाड़ी दे प्रदेश सरकार : सुरेश सरवाल

## मनरेगा में ऑनलाइन हाजरी व 20 कार्यों की शर्त को भी हटाएं सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश मनरेगा एवं निर्माण फेडरेशन की जिला कमेटी द्वारा आज अपनी मांगों को लेकर मंडी शहर सेरी चानणी में धरना प्रदर्शन किया गया। मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन व नौजवान सभा राज्य अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को जो सुविधाएं कल्याण बोर्ड के माध्यम से पहले दी जाती थी। उन सुविधाओं से उन्हें वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने बोर्ड के माध्यम से पहले दी जाने वाली सुविधाओं को बहाल करने की मांग की है। मनरेगा मजदूरों ने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार उन्हें 350 रुपए न्यूनतम दिहाड़ी देने की भी मांग उठाई




है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा में निर्माण फेडरेशन कमेटी द्वारा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा में ऑनलाइन हाजरी व 20 कार्यों की शर्त हटाई जाए। मनरेगा कार्यों की असेसमेंट के लिए अलग मापदंड निर्धारित की जाए। सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक नियुक्त किए जाएं, मनरेगा जॉब कार्ड धारक मजदूरों से ग्राम पंचायत के जनरल हेड के कार्यों में भी रोजगार दिया जाए। मनरेगा मजदूरों को काम करने के लिए औजार उपलब्ध करवाएं, राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड में लंबित मजदूरों के लाभ तुरंत जारी किया जाए। बोर्ड में पंजीकरण व सहायता प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों में होने वाले विभिन्न मुद्दों जैसे मनरेगा, वित्त आयोग, विधायक व सांसद निधि तथा अन्य निर्माण संबंधी कार्यों के कार्य दिवसों को मान्यता किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रम और रोजगार विभाग द्वारा 8 फ रवरी, 2023 को जारी अधिसूचना में भवन निर्माण में सेस अदा करने संबंधी शर्त हटाई जाए और रोजगार प्रमाण पत्र जारी और सत्यापित करने का अधिकार पूर्व की भांति पंजीकृत मजदूर यूनियनो को दिया जाए। राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के कार्यों संबंधी गठित एक्सपोर्ट कमेटी में अधिकारियों के अलावा मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक तुरंत बुलाई जाए ताकि उसके उसमें बोर्ड के रुके हुए कार्यों को बहाल करने बारे निर्णय लिया जा सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रदेश सरकार इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं करती है तो आने वाले समय में मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन जिला के अन्य मजदूरों को लामबंद करते हुए एक मजबूत आंदोलन खड़ा कर उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

# जिला भाषा अधिकारी ने किया ऐंचली गायन ऑडियो का विमोचन



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

भाषा एवं संस्कृति विभाग चंबा में हिमाचली लोक गायक शक्ति चौहान का पारम्परिक ऐंचली गायन ऑडियो का विमोचन जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने किया और इस लोक परम्परा को आगे बढ़ाने बाले ऐंचली गायकों को इस तरह छुपी सांस्कृतिक विरासत को सामने लाने का आह्वान किया। इस मौके पर बोलते हुए गायक शक्ति चौहान ने बताया कि उनके पिता होड़ी राम भी पारंपरिक ऐंचली गायन किया करते थे। शक्ति चौहान सेरी गांव डाक घर लिहल तहसील भरमौर के रहने वाले हैं। उनके पिता होड़ी राम भी पारम्परिक ऐंचली गायन किया करते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हुए गायक शक्ति चौहान ने इस परंपरा को बरकरार रखा है तथा बुजुर्गों द्वारा चलाई जा रही इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है उनके अनुसार वह इस परंपरा को बरकरार रखने का भविष्य में भी भरपूर प्रयास करेंगे ताकि यह लुप्त हो रही संस्कृति कायम रह सके।

# नहीं रहे एचआरटीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के अध्यक्ष राजेंद्र पाहवा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**




हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच अध्यक्ष एवं भूतपूर्व अध्यक्ष बाल्मीकि सभा नाहन राजेंद्र कुमार पाहवा का बीते कल देर शाम हृदयाघात से देहांत हो गया है। पाहवा एचआरटीसी के उन चुनिंदा चालकों में से थे जो अक्सर लॉन्ग रूट पर चला करते थे। मिलनसार और सामाजिक सरकारों में अक्सर सक्रिय भूमिका निभाने वाले राजेंद्र पाहवा के अचानक चले जाने पर एचआरटीसी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। यही नहीं नाहन बाल्मीकि सभा के अध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने अपने वर्ग के लोगों के लिए भी अक्सर लंबी लड़ाई लड़ी है।

वहीं एचआरटीसी से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के हितों और उनके संरक्षण को लेकर भी अक्सर सरकार को जगाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार लंबे समय से हार्ट पेशेंट थे। बीते कल मंगलवार को करीब 5:30 और 6 बजे के बीच उन्हें हार्ट अटैक हुआ जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। उनके इस प्रकार चले जाने से एचआरटीसी कर्मचारी वर्ग और सेवानिवृत्त कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। राजेंद्र कुमार की अचानक मौत पर कोषा अध्यक्ष सतीश चंद्र गर्ग, महासचिव हरचरण शर्मा, मोहम्मद नजीर, मोहम्मद इस्लाम, बृजभूषण, केहर सिंह, तरलोक सिंह, अशरफ अली, रघुवीर सिंह, गीताराम, गुमान सिंह, गौर पुराण चंपा देवी सहित एचआरटीसी कर्मचारी नेता सुखराम आदि के द्वारा गहरा शोक और परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की गई है।

# अनाथ बच्चों की मांग को जीवन ठाकुर ने किया पूरा

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बिते सोमवार को अपना 51वा जन्मदिन एक अलग अंदाज से मनाया था, उन्होंने कोरोना काल में जोगिंद्रनगर उपमंडल के विभिन्न स्थानों से अनाथ बच्चों को शामिल किया था। इस दौरान जीवन ठाकुर ने सभी बच्चों से उनका कुशलक्षेम पूछा और मौजूदा समय में उन्हें आ रही समस्याओं से उन्हें अवगत करवाने को कहा। तब सैंथल गांव के अनाथ बच्चों द्वारा उन्हें अपनी इस समस्या से रूबरू करवाया गया। जीवन ठाकुर ने बच्चों को आश्वस्त किया था कि वे व प्रदेश सरकार उनके साथ हर कदम पर उनकी सहायता के लिए खड़ी है व उनके इस कार्य मे भी उनकी पूरी पूरी मदद की जाएगी। अपनी कही बात को पूरा करने मंगलवार शाम को जीवन ठाकुर उनके सैंथल स्थित घर पहुंच गए व बच्चों की सरिया व सीमेंट दे मदद की। इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने कहा कि उनके जन्मदिन पर बच्चों द्वारा उनके शौचालय के अधूरे निर्माण को पूरा करने की बात बताई गई थी, जिसे देखते हुए उनकी इस जरूरी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा अनाथ बच्चों की मदद करने की जो मुहिम शुरू की गई है उसे आगे बढ़ाने में वे भी सहयोग दे रहे हैं।

# धौलाकुआं हत्याकांड के चारों आरोपी भेजे गए जेल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



होली के दिन गाड़ी से टक्कर मारकर हत्याकांड को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को अब जेल भेज दिया गया है। पुलिस के द्वारा रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया था।जहां अदालत के द्वारा आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी रमाकांत ठाकुर के द्वारा की गई है। याद दिला दें कि होली के दिन युवकों के बीच नजदीकी नदी के साथ नहाने के दौरान आपसी झड़प भी हुई थी। जानकारी तो यह भी मिली थी कि होली के दिन दोपहर से पहले इन युवकों ने धौला कुआं के शराब के ठेके से बीयर और दारू भी खरीदी थी।जिसके बाद यह सभी युवक होली खेलने के बाद नहाने के लिए नदी पर गए थे। यहां इन सब में बहस बसाई के बाद झगड़ा भी हुआ था। जिसके बाद यह लोग वापस लौट रहे थे तो इसी दौरान दूसरे गुट के युवक एसयूवी गाड़ी के साथ इनका पीछा कर रहे थे। आरोपियों के द्वारा धौला कुआं के नजदीक तेज रफ्तार गाड़ी के साथ इन युवकों के पीछे से हत्या की मंशा के साथ जोरदार टक्कर मारी। जिसमें अजय और मनदीप की मौत हो गई थी जबकि अमित घायल हुआ था।हैरानी तो इस बात की है शुरू में इस मामले को दुर्घटना करार देते हुए इतिश्री किया जा रहा था। मगर जैसे ही इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो उससे बिल्कुल स्पष्ट हो गया कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि योजना बनाकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। पुलिस के द्वारा भी एसएसएसएस तथा सीसीटीवी फु टेज की रिपोर्ट के आधार पर मामला हत्या में तब्दील किया था। इस हत्याकांड में आरोपी नितिन बलजीत लेखराज तथा पंकज को नामजद करते हुए गिरफ्तार किया गया था। जिन्हें अब जेल भेज दिया गया है।

# पांच घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू किये देहरादून के पर्यटक चूड़धार जंगल से



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

देहरादून से चूड़धार पहुंचे दो टूरिस्ट करीब आठ घंटे से अधिक समय तक चूड़धार के घने जंगल में भटक गए।

पुलिस व स्थानीय लोगों ने करीब पांच घंटे तक जंगल में रेस्क्यू अभियान चलाया। बीते सोमवार आधी रात करीब दो बजे दोनों सैलानियों को रेस्क्यू किया गया। इन दिनों यात्रा पर रोक है, लेकिन इसके बावजूद भी दोनों चूड़धार की यात्रा पर पहुंचे। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के रहने वाले आशुतोष और रोहित लेखावर 12 मार्च को घूमने चूड़धार आए थे। शाम करीब चार बजे वह सराहां के रास्ते से वापस देहरादून लौट रहे थे। मगर चूड़धार के घने जंगल में रास्ता भटक गए। इन दोनों ने पुलिस से संपर्क साधने के भी प्रयास किया। मगर जंगल में नेटवर्क न होने के कारण उनकी मुश्किलें और अधिक बढ़ गई। भटकते भटकते वह ऐसे स्थान पर पहुंच गए जहां पर नेटवर्क मिलने के बाद तुरंत 112 नंबर पर कॉल करके उन्होंने पुलिस से मदद मांगी। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस की टीम तुरंत चूड़धार के जंगल के लिए रवाना हुई। रात भर जंगल का चप्पा चप्पा छानने के बाद आधी रात को दोनों पर्यटकों को जंगल से रेस्क्यू किया गया। आशुतोष व रोहित ने बताया कि रास्ता भटक जाने के बाद वह घने जंगल में ऐसे स्थान पर पहुंच गए थे, जहां से उन्हें यह भी पता नहीं चल पा रहा था कि वह किधर से आए है और कहां जाना है। वह ऐसी जगह फं स गए थे जहां न आगे को रास्ता था और नीचे ऊपर खतरनाक ढाक थे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कण्डाघाट में कैरियर परामर्श कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कंडाघाट/योगेश शर्मा**

जिला कौशल समिति द्वारा संकल्प आजीविका संवर्द्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकताद्ध के तहत गत दिवस राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कण्डाघाट में कैरियर परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा किया गया। जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति ने कार्यशाला का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों का आह्वान किया कि वे 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल ज्ञान अर्जित करें ताकि भविष्य



की चुनौतियों का सरलता का सामना कर छात्र सफल जीवन यापन कर सके। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक संस्था सुंदरनगर के विभागाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, एलआर बहुतकनीकी संस्था की प्रधानाचार्य कंचन बाला जसवाल ने कम्प्यूटर इंजीनियरिंग तथा शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रो. रोहित गुप्ता ने डी. फ ार्मेसी विषय पर विशेषज्ञ जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में कैरियर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र में टाटा स्ट्राईव के विशेषज्ञ टोनी मैथ्यू जेकब तथा प्रियंका डिसूजा ने सारगर्भित जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के जिला समन्वयक चमन ठाकुर ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न निःशुल्क पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में एलआर संस्थान, जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, एनएफ सीआई तथा कौशल शिक्षा संस्थान द्वारा छात्रों की जानकारी के लिए स्टॉल भी स्थापित किए गए। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कण्डाघाट के प्रधानाचार्य दिनेश बिंद्रा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के अध्यापक, प्रदेश कौशल विकास निगम एवं नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य तथा कार्यशाला समन्वयक अमिषा यादव सहित अन्य अध्यापक एवं छात्र उपस्थित थे।

# फ्रॉड वोट बना रही कांग्रेस: पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के नगर निगम चुनाव के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा की हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस गवर्नमेंट पूरी तरह कंफ्यूज है। कांग्रेस द्वारा वोट बनाने की प्रक्रिया को बदलना साफ दशार्ता है कि वह फ्रॉड वोट को बढ़ावा दे रहे हैं, इनके नेता अधिकारियों के ऊपर दबाव डालकर 100 से 500 वोट तक अपने वार्ड में फ्रॉड बनवा रहे हैं, एक आधार कार्ड और किराएदार दिखाकर बड़ी संख्या में लोग शिमला में वोट बनाने का कार्य



कर रहे हैं। कांग्रेस ओछी राजनीति कर नगर निगम का चुनाव जीतना चाहती है, पर ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा की 6 महीने में अगर एक व्यक्ति दो बार वोट दें तो यह ऑब्जेक्शनेबल है, हाल ही में हिमाचल में विधानसभा चुनाव हुए हैं और वही लोग नगर निगम में भी वोट डालेंगे यह ठीक नही है। कांग्रेस के नेताओं को यह समझना चाहिए। यह सरकार कभी 2017 की वोटर लिस्ट के बारे में बात करती हैं तो कभी 2022 की वोटर लिस्ट के बारे में आज मतदाता चिंतित है। कांग्रेस नेता कभी कहते हैं की मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव डायरेक्ट होंगे या इंडिरेक्ट होंगे सच में यह सरकार कंफ्यूज है।सरकार को यह भी देखना चाहिए की सरकार नगर निगम अधिनियम 4 का उल्लंघन कर रही है। नगर निगम के चुनावों में एसा पहेली बार हो रहा है। उन्होंने कहा ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गड़बड़झाला का संशय सामने आया है।

वार्ड नंबर 5 समरहिल में एमसी लिमिट के बाहर के वोट भी बनाए जा रहे है। यह कांग्रेस और वामपंथियों का असल चेहरा सामने आया है। ब्लॉक लेवल ऑफिसर वोट को वेरीफाई करें बिना ही वोट बना रहे हैं। हमारा निवेदन है कि यह अपने कर्तव्य का निर्वहन निष्पक्ष रूप से करें, सरकार को अधिकारियों पर दबाव नहीं बनाना चाहिए।

# आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से बाल यौन-शोषण एवं अन्य बाल-संरक्षण मुद्दों हेतु किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

बुधवार को एजुकेशन सोसाइटी चाइल्डलाइन चंबा द्वारा चंबा उपमंडल की निहुईं पंचायत की राजकीय उच्च पाठशाला शक्ति देहरा में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्डलाइन टीम सदस्य चमन सिंह व रीता कुमारी द्वारा उपस्थित अध्यापकों एवं बच्चों को चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी। टीम द्वारा मुफ्त फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड लाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि यदि किसी के द्वारा नाबालिक बच्चों को बहलाया-फु सलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजर अंदाज ना किया जाए। इसके साथ-साथ नशे की बुराई व सोशल-मीडिया के लाभदायक व हानिकारक प्रभाव, सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श के बारे में भी गम्भीरता से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के मुख्याध्यापक राज कुमार, अध्यापक वीरेंद्र सिंह, सहित आदि मौजूद रहे।

# अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने आरपीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**8 इस अवसर पर जिला समन्वयक हिमाचंल प्रदेश कौशल विकास निगम चंबा विकास, यंग तनु सहित अभ्यर्थी मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

जिला प्रशासन और सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा आयोजित किए जा रहे आरपीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम का अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने शुभारंभ किया। अमित मैहरा ने क्लासिक ईरा सुल्तानपुर में फू ड और बेवरेज प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि संकल्प योजना के पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में पहले से




प्राप्त प्रशिक्षण को मान्यता देने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों पर 295 निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में भाग ले रहे 30 अभ्यार्थियों का परामर्श भी किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से यह भी कहा कि उन्हें अपने कौशल को निखारने और उसमें अपना भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम चंबा का भी विशेष योगदान है। इस अवसर पर जिला समन्वयक हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम चंबा विकास, यंग प्रोफेशनल तनु सहित अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# पैंशन न मिलने से कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ भारी रोष

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

एचआरटीसी पेंशनर कल्याण संगठन मंडी की मासिक बैठक में समय पर पैंशन न मिलने से कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ भारी रोष देखने को मिला। बुधवार को एचआरटीसी पेंशनर कल्याण संगठन की मासिक बैठक प्रधान अनूप कपूर की अध्यक्षता में वरिठ नागरिक भवन जेल रोड़ में हुईए जिसमें लगभग 200 के करीब पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में समस्त पेंशनरों में समय पर पैंशन न मिलने पर रोष जाहिर किया। प्रधान अनूप कपूर ने बताया कि पेंशनरों का बुढ़ापे में एक मात्र सहारा पेंशन ही हैं पर यह भी समय पर नहीं मिल रही हैं, उन्होंने कहा आज 15 तारीख गुजर गई परन्तु पेंशनरों को अभी तक उनकी पेंशन नहीं आई हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 73 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चंडीगढ़ में मीडिया से मुखातिब होते हुए।

# अडाणी मामला: विपक्ष ने किया पैदल मार्च

### ईडी ऑफिस के लिए निकले, पुलिस ने पहले ही रोका, 25 मिनट बाद प्रदर्शन खत्म

**डटे रहे**

= भाजपा के सांसद लंदन में दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद** सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भारी हंगामे के बाद लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता जहां अडाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग पर अड़े रहे, वहीं भाजपा के सांसद लंदन में दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे। इधर, सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर विपक्ष के 16 नेताओं ने बैठक की। राहुल गांधी विदेश से लौटे और एक बार फिर अडाणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इधर, सत्र स्थगित होते ही विपक्ष के नेता ईडी ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए निकले। हालांकि पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक लिया।

**खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में 16 दलों के नेताओं की बैठकः** सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े 10 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में विपक्ष के 16 दलों के नेताओं ने बैठक की। इसमें हिंडनबर्ग-अडाणी रिपोर्ट की जांच के लिए जेपीसी की मांग को लेकर सरकार पर और दबाव बनाने पर सहमति बनी। सभी दलों ने एक सुर में अडाणी मामले में सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए।




### राहुल ने अडाणी के बहाने केंद्र पर निशाना साधा

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने संसद में राहुल गांधी की उपस्थिति को लेकर मंगलवार को सवाल उठाया था। बुधवार को खबर आई कि राहुल विदेश से लौट आए हैं। कुछ देर बाद राहुल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया और एक बार फिर अडाणी के बहाने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने लिखा- भारत का मिसाइल और रडार अपग्रेड कॉन्ट्रैक्ट अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी और इलारा नाम की एक संदिग्ध विदेशी संस्था को दिया गया है। अनजान विदेशी कंपनियों को भारत के रणनीतिक रक्षा उपकरणों का नियंत्रण देकर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता क्यों किया जा रहा है?

### लोकसभा में 9, राज्य सभा में 26 बिल पेश होने हैं

**लोकसभा**-राज्यसभा से मिले बुलेटिन के मुताबिक, संसद के इस सत्र में कुल 35 बिल पेंडिंग हैं। इनमें लोकसभा में 9 और राज्य सभा में 26 बिल पेश होने हैं। हालांकि, सत्र के पहले चरण में विधेयकों पर चर्चा और पारित किए जाने की संभावना कम है। वहीं, कई महत्वपूर्ण बिल भी पेश किए जा सकते हैं।

### '200 सांसदों को रोकने के लिए 2 हजार पुलिसकर्मी लगा दिए'

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'सरकार ने 200 सांसदों को रोकने के लिए 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया है। वे बात लोकतंत्र की करते हैं, लेकिन हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी रोका जा रहा है। हम तो सिर्फ ईडी के ऑफिस जाकर अडाणी मामले की डिटेल इन्वेस्टिगेशन के लिए शिकायती चिट्ठी देना चाहते थे। हमें रोकना कौन सा लोकतंत्र है।' प्रदर्शन में शरद पवार की एनसीपी और ममता बनर्जी की टीएमसी के सांसद शामिल नहीं हुए। संसद जब दो बजे के बाद दोबारा शुरू हुआ तो एक बार फिर इन्हीं मुद्दों पर हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लगातार तीसरे दिन राज्यसभा और लोकसभा गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। अडाणी मामले और ईडी-सीबीआई की कार्रवाई को लेकर ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सांसद कांग्रेस और विपक्ष के अन्य दलों से अलग प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पर टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने बताया कि सत्ता पक्ष हो या मुख्य विपक्षी दल, दोनों एक-दूसरे के खिलाफ हैं। बंगाल में कांग्रेस पार्टी भाजपा के साथ मिली हुई है।



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अधिकारियों के साथ ग्रुप फोटो में।

## यूपी निकाय चुनावः लेकर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव का मामला राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने रखा। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग ने रिपोर्ट दाखिल कर दी है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 मार्च को करने का आदेश दिया। चार जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले के एक हिस्से पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने 31 जनवरी से पहले ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव करवाने के आदेश पर रोक लगाई थी। राज्य सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## लैंड फॉर जॉब्स स्कैमः लालू-राबड़ी और बेटी को जमानत



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**रेलवे** में लैंड फॉर जॉब्स यानी जमीन के बदले नौकरी देने के कथित भ्रष्टाचार के केस में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को जमानत मिल गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके पर तीनों को जमानत दी है। इस मामले में अब 29 मार्च को अगली सुनवाई होगी। लालू को व्हीलचेयर पर लेकर पत्नी राबड़ी देवी और बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती कोर्ट के अंदर पहुंचीं थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। कोर्ट ने 27 फरवरी को लालू की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत 14 अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। समन जारी होने से पहले सीबीआई लालू से दिल्ली में और राबड़ी से पटना में पूछताछ कर चुकी है। सीबीआई की ओर से 5 महीने पहले इस केस में चार्जशीट दाखिल की गई थी। साल 2004 से 2009 के दौरान रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरी के बदले लोगों से जमीन लेने का आरोप है।

## ब्रिस्बेन में खालिस्तानियों ने इंडियन कॉन्स्यूलेट बंद कराया



**टीम एक्शन इंडिया/ब्रिस्बेन**

**ऑस्ट्रेलिया** के ब्रिस्बेन शहर में मौजूद इंडियन कॉन्स्यूलेट बुधवार को खालिस्तान समर्थकों ने जबरदस्ती बंद करा दिया। यह कॉन्स्यूलेट ब्रिस्बेन के सबअर्बन एरिया तारिंगा में है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक- खालिस्तान समर्थक झंडे, पोस्टर और बैनर लेकर यहां पहुंचे। उन्होंने कॉन्स्यूलेट आने वाले सभी लोगों को अंदर ही नहीं आने दिया। इसकी वजह से कॉन्स्यूलेट में काम नहीं हो पाया। पिछले ही हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज भारत दौरे पर आए थे। मीडिया बीफ्रिंग के दौरान उन्होंने

## एससीओ मीटिंग अगले माह, चीन-पाक को न्योता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देशों के रक्षा मंत्रियों की अगले माह होने वाली बैठक के लिए चीन और पाकिस्तान को भी न्योता भेजा है। इसके बाद मई में संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक गोवा में होगी। अभी पाकिस्तान की ओर जवाब नहीं मिला है कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ या विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भारत में होने जा रही इन बैठकों में शामिल होंगे या नहीं। भारत में अगले महीने अप्रैल में होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए सदस्य देशों को औपचारिक तौर पर आमंत्रित किया गया है। फिलहाल भारत इस संगठन का अध्यक्ष है और सदस्य देशों में चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

## शिवसेना विवादः 'राज्यपाल को इस तरह विश्वास मत नहीं बुलाना चाहिए था'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने शिवसेना विवाद मामले में महाराष्ट्र के राज्यपाल पर सवाल उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा वह मामले में राज्यपाल की भूमिका को लेकर चिंतित है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा राज्यपाल को इस तरह विश्वास मत नहीं बुलाना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि नया राजनीतिक नेता चुनने के लिए फ्लोर टेस्ट नहीं हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि किसी पार्टी में नीति संबंधी मतभेद है, तो क्या राज्यपाल विश्वास के वोट को साबित करने को कहा सकते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि उनको खुद यह पूछना चाहिए था कि तीन साल की सुखद शादी के बाद क्या हुआ। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने कैसे अंदाजा लगाया कि आगे क्या होने वाला है। 14 मार्च को एकनाथ शिंदे गुट की ओर से पेश वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच से कहा था कि केवल सुप्रीम कोर्ट आ जाने से सबकुछ नहीं सुलझ सकता है। उन्होंने कहा था कि फ्लोर टेस्ट बुलाकर राज्यपाल ने कुछ भी गलत नहीं किया। लोकतंत्र को सदन के पटल पर ही चलने दें। साल्वे ने कहा था कि अब कोर्ट इस्तीफा देने वाले मुख्यमंत्री को वापस पदासीन होने के लिए निर्देश नहीं दे सकता है।

## देश में निर्यात फरवरी में 8.8 फीसदी घटकर 33.88 अरब डॉलर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** का निर्यात फरवरी महीने में 8.8 फीसदी घटकर 33.8 अरब डॉलर रहा है। इस दौरान आयात 8.21 फीसदी घटकर 51.31 अरब डॉलर रह गया है। फरवरी महीने में देश का व्यापार घाटा 17.43 अरब डॉलर रहा है। देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश का निर्यात फरवरी में 8.8 फीसदी घटकर 33.8 अरब डॉलर रहा है, जो पिछले साल की इसी अवधि में 37.15 अरब डॉलर रहा था। आयात भी 8.21 फीसदी घटकर 51.31 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 55.9 अरब डॉलर रहा था।

## जमीन पर उतारें हर निवेश प्रस्ताव : सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विभिन्न मंत्रियों, विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवों के साथ अयोध्या और वाराणसी में संचालित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समग्र विकास के लिए अनेक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले एक-एक निवेशक से संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं-अपेक्षाओं को जानें और नीतियों-नियमों के अनुरूप उन्हें तत्काल उसका लाभ दिलाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेशकों से जुड़ी कोई भी फाइल अनावश्यक लंबित न रहे। औद्योगिक विकास आयुक्त स्तर से एमओयू की साप्ताहिक विभागवार समीक्षा की जाए। कोई समस्या हो तो मुख्य सचिव को अवगत कराएं, तत्काल समाधान निकालें।

प्रदेश में स्थापित हो रहीं औद्योगिक इकाइयों, कंपनियों को स्किल्ड, सेमी स्किल्ड, अनस्किल्ड मैनपॉवर की आवश्यकता होगी।

# राहुल संसद में आकर माफी मांगें: स्मृति



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बजट** सत्र के तीसरे दिन की शुरूआत से पहले स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर विदेश में देश का अपमान करने, संसद से गैरहाजिर रहने और माफी न मांगने पर जमकर हमला बोला। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी की पीएम मोदी के लिए नफरत अब देश के लिए नफरत में बदल चुकी है। इसलिए हर भारतीय ये मांग करता है कि वे संसद में आकर माफी मांगें। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्मृति ईरानी के आरोपों पर कहा कि 'मैं माफी मांगने वालों से एक सवाल पूछना चाहता हूं। पीएम मोदी भी 5-6 देशों में गए थे। जहां उन्होंने कहा था कि भारत में जन्म लेना पाप है। अभिव्यक्ति की आजादी को कमजोर किया जा रहा है। सच बोलने वालों को जेल हो रही है। यह लोकतंत्र का अंत नहीं तो क्या है? इसलिए माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। हम भी उनसे पूछेंगे कि आप इतने देशों में गए और यहां के लोगों का अपमान किया। राहुल गांधी ने तो सिर्फ लोकतंत्र पर बात की। जब लोग बहस में जाते हैं, तो वे अपनी राय रखते ही हैं।' भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाते हुए राहुल गांधी ने ये खेद व्यक्त किया कि...क्यों विदेशी ताकतें आकर भारत पर धावा नहीं बोलती?

**जवाब दिया** जहां जरूरत होगी, वहां बंद किए गए संस्थानों को फिर से नोटिफाई करेगी

# 'हिमाचल में फिर सशर्त खुलेंगे सुक्खू सरकार द्वारा बंद किए गए संस्थान'



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार द्वारा बंद किए गए संस्थान फिर से सशर्त खुलेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को प्रदेश विधानसभा में नियम 67 के तहत विपक्ष द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा संस्थानों को बंद करने के मुद्दे पर लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि जहां जरूरत होगी,वहां बंद किए गए संस्थानों को फि र से नोटिफ ाई करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जहां-जहां जरूरी था, वहां-वहां कुछ संस्थान फिर से खोल भी दिए हैं। विपक्ष द्वारा लाए गए काम रोको प्रस्ताव को बाद में सदन ने विपक्ष की गैरमौजूदगी में ध्वनिमत से रद्द कर दिया।

काम रोको प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल 2022 के बाद खोले गए सभी संस्थानों को डिनोटिफ ाई करने का नीतिगत फैसला लिया है। इसी के तहत इन संस्थानों को बंद किया गया है और अब जरूरत के हिसाब से इन्हें खोलने का फैसला भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना बजट और बिना स्टाफ के सैंकड़ों संस्थान खोल दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में शिक्षकों के 12 हजार पद खाली पड़े हैं। इसके बावजूद पूर्व सरकार ने महज राजनीतिक लाभ लेने के लिए सैंकड़ों की संख्या में शिक्षण संस्थान खोले। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पहले लेक्चररों के खाली पद भरेगी और उसके बाद नए संस्थान खोलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4145 स्कूल महज एक शिक्षक के सहारे चल रहे हैं, जबकि 455 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा चुनावी वर्ष में खोले गए 23 कालेजों के लिए एक-एक लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया गया था।




# संपादकीय

## भारत की वैश्विक ताकत में इजाफा

**जी-20** देशों की अध्यक्षता के बाद भारत अब 1947 के बाद स्वतंत्र हुए भारत जैसा नहीं है अब भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है, अब भारत विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति बन चुका है ,अब भारत एक सशक्त सामरिक ताकत बन चुका है ' सितंबर में जी-20 देशों की महत्वपूर्ण बैठक में रूस के शक्तिशाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आने की संभावना बढ़ गई है उनके आने से निसंदेह भारत का कद बढ़ेगा और भारत की विदेश नीति में भी नए आयामों के जुड़ने की संभावना बढ़ जाएगी ' भारत के विश्व के अनेक महत्वपूर्ण देशों के साथ व्यापारिक सामरिक एवं आर्थिक रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं' भारतीय गणराज्य की जो स्थिति स्वतंत्रता के बाद 1947 में थी, वैसी स्थिति तथा परिस्थिति ना तो 20 वीं सदी में थी, और ना ही आज ही है। वैसे भी किसी देश की विदेश नीति उसके राष्ट्रीय हितों के अनुरूप दूसरे अन्य देशों के साथ आर्थिक राजनीतिक सामाजिक तथा सैनिक संबंधों के पालन में की जाने वाली नीति का संपूर्ण समावेश होती है।समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय स्थिति एवं परिस्थिति के अनुरूप हर देश अपनी विदेश नीति में परिवर्तन भी करते जाते हैं। स्वतंत्रता के बाद जवाहरलाल नेहरू बहुत ही महत्वपूर्ण विदेश नीति के प्रेरणा स्त्रोत थे' उन्हें विदेश नीति का सूत्रधार माना जाता है। प्रधानमंत्री के साथ साथ उन्होंने विदेश मंत्री की भूमिका भी निभाई थी। जवाहरलाल जी की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने उन्होंने विदेश के कार्यों के लिए एक अलग मंत्री रखा भारत के प्रथम विदेश मंत्री डॉ स्वर्ण सिंह बने। 14 माह के कार्यकाल में लाल बहादुर शास्त्री ने विदेश नीति के महत्व को समझते हुए यथार्थवादी नीति का परिपालन किया।इस दौरान भारत के संबंध दक्षिण एशियाई देशों से काफी घनिष्ठ हुए तथा सोवियत संग रूस भारत के मित्र राष्ट्र के रूप में तेजी से अस्तित्व में आया। 1965 में पाकिस्तान ने जब भारत पर आक्रमण किया, तो लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उसका मुंह तोड़ जवाब देकर उसे परास्त किया,और उसे भारत के सामने घुटने टेकने पड़े ।रूस की मध्यस्थता में ताशकंद समझौता हुआ,जिसमें भारत द्वारा जीती हुई जमीन को पाकिस्तान को वापस किया,और ताशकंद समझौते के दौरान लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमय तरीके से मृत्यु हुई। उनके बाद श्रीमती इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को ध्यान में रखकर विदेश नीति में बहुत बदलाव किए। महत्वपूर्ण प्रधानमंत्रियों में डॉक्टर मनमोहन सिंह नई आर्थिक नीति को आमूलचूल परिवर्तन किया एवं विदेशों में अपनी धाक जमाई ।उनके कार्यकाल में अनेक सैन्य समझौते भी हुए एवं वैश्विक स्तर पर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा। 2014 में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनी और प्रधानमंत्री बने उन्होंने तत्काल जापान की यात्रा कर अनेक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए इसके तुरंत बाद वे अमेरिका की यात्रा पर गए एवं व्यापार निवेश आर्थिक सहयोग सामरिक मामलों में सैन्य समझौते भी किए। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ के मित्रता का हाथ बढ़ा कर अनेक समझौतों को मूर्त रूप दिया । उन्होंने "एक्ट ईस्ट पॉलिसी" को अपनाकर लगभग 40 देशों की यात्रा कर 2014 से 17 तक विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन किए।

# विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगें गहलोत



रमेश सर्राफ

> “वर्ष 2040 तक जयपुर, अजमेर, टोंक जिले की अतिरिक्त पेयजल आवश्यकताओं तथा जयपुर जिले के शेष ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 16.82 टीएमसी पेयजल की अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए जल प्रबंधन के कार्य किए जा सकेंगे। प्रदेश के गरीब लोगों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए गहलोत ने इस बार के बजट में 19 हजार करोड़ रुपए के महंगाई राहत पैकेज की घोषणा की है। इसमें उज्जवला योजना में शामिल प्रदेश के 76 लाख परिवारों को 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर देने व प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े एक करोड़ लोगों को प्रतिमाह मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना शुरू करने की घोषणा की है। जिसके तहत हर पैकेट में 1 किलो दाल, 1 किलो चीनी, 1 किलो नमक, 1 लीटर खाद्य तेल और मसाले उपलब्ध करवाए जाएंगें”

**राजस्थान** में विधानसभा के चुनाव होने में कुछ महीनों का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ने के लिए अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस में चल रहा नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा भी खत्म सा हो गया है। यह तय हो गया है कि अगला विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। उनके प्रतिद्वंदी सचिन पायलट ने भी अब मान लिया है कि प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन का समय निकल चुका है। इसीलिए उनकी नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी बंद हो गई है। अब सचिन पायलट कहने लगे हैं कि पार्टी के सभी लोगों की एकजुटता से ही अगला विधानसभा चुनाव जीता जा सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मालूम है कि सरकार चाहे कितने ही विकास के कार्य करवायें। जनता हर पांच साल के बाद सत्ता बदल देती है। राजस्थान के लोगों का मानना है कि सत्ता बदलने से प्रदेश में और अधिक तेजी से विकास कार्य होते हैं। अशोक गहलोत ने अपने पांच साल के कार्यकाल में सचिन पायलट को तो मात दे दी है। मगर अब उनके समक्ष विधानसभा चुनाव सबसे बड़ी चुनौती के रूप में खड़े हैं। जहां उन्हें सभी विपक्षी दलों को परास्त कर फिर से सरकार बनानी होगी। गहलोत को पता है कि कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी के चलते आम जनता में पार्टी के प्रति अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। इसी कमी को पूरा करने के लिए अशोक गहलोत प्रदेश में विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। गहलोत के सोच की झलक इस बार राजस्थान के आम बजट में भी देखने को मिली है। गहलोत ने अपने इस कार्यकाल के अंतिम बजट को पूरी तरह आमजन का विकासोन्मुखी बजट बनाया है। बजट में प्रदेश के आम आदमी का पूरा ख्याल रखा गया है। उनके हित की बहुत सारी योजनाएं शुरू करने की घोषणा की गई है। जिसका गहलोत पूरा राजनीतिक लाभ उठायेगें। गहलोत ने सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के वृद्ध नागरिकों, विधवा महिलाओं, विकलांगो, अनाथ बच्चों को मिलने वाली मासिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा कर उन्हें बड़ा आर्थिक संबल प्रदान किया है। जिसका लाभ उन्हें चुनाव में मिलना तय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री बनते ही गहलोत ने उक्त सभी लोगों को मिलने



वाली पेंशन की राशि में भी बढ़ोतरी की थी। अपने विकास के एजेंडे के तहत ही मुख्यमंत्री गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के निर्माण को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस नहर परियोजना के पूरा होने से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों को पीने का पानी तो मिलेगा ही साथ ही दो लाख 80 हजार हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के लोगों के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बनी हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस परियोजना को केंद्रीय प्रोजेक्ट घोषित कर पूरा करवाने की बात कही थी। मगर केंद्र सरकार ने इस परियोजना को आज तक अपने हाथ में नहीं लिया है। इसी मुद्दे को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बड़े जोर शोर से उठा रहे हैं। पूर्वी राजस्थान के झालावाड़, बांरा, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, करौली, अलवर, भरतपुर, दौसा और धौलपुर सहित इन 13 जिलों में राजस्थान की एक तिहाई से अधिक आबादी रहती है। इस नहर परियोजना के पूरा होने से इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति तो सुदृढ़ होगी ही साथ ही उन्हें आने वाले लंबे समय तक पीने का पानी भी उपलब्ध हो सकेगा। इन 13 जिलों में विधानसभा की 83 सीट आती है। जिनमें से अभी कांग्रेस के पास 49 और भाजपा के पास 25 सीट है। राजनीतिक रूप से भी इन 13 जिलों में अभी कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। मुख्यमंत्री गहलोत इस नहर परियोजना के मुद्दे पर इस क्षेत्र में अपनी पार्टी की पकड़ को और भी मजबूत करने में लगे हुए हैं। इसीलिए मुख्यमंत्री गहलोत ने इस परियोजना को गति देने के लिए हाल ही में 14 हजार 200 करोड रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। गहलोत सरकार ने अपने पिछले वर्ष के बजट में भी इस परियोजना के लिए 9 हजार 600 करोड रुपए की स्वीकृति जारी की थी। इस तरह प्रदेश सरकार ने इस परियोजना पर अब तक 23 हजार 800 करोड रुपए की स्वीकृति जारी कर चुकी है। इससे उक्त परियोजना में नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना, निमार्णाधीन नवनेरा बैराज एवं ईसरदा बांध, रामगढ़ एवं महलपुर बैराज का निर्माण, नवनेरा बैराज, मेज एनीकट तथा गलवा बांध में पंपिंग और विद्युत स्टेशन स्थापित करने तथा बाढ़ के पानी को संग्रहित करने सहित विभिन्न कार्य पूरे किए जा सकेंगे। इसके साथ ही बीसलपुर बांध की ऊंचाई आधा मीटर बढ़ाने तथा 202.42 किलोमीटर लंबे जल परिवहन तंत्र को विकसित करने के कार्य भी किए जा सकेंगे।

इसके अलावा वर्ष 2040 तक जयपुर, अजमेर, टोंक जिले की अतिरिक्त पेयजल आवश्यकताओं तथा जयपुर जिले के शेष ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 16.82 टीएमसी पेयजल की अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए जल प्रबंधन के कार्य किए जा सकेंगे। प्रदेश के गरीब लोगों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए गहलोत ने इस बार के बजट में 19 हजार करोड़ रुपए के महंगाई राहत पैकेज की घोषणा की है। इसमें उज्जवला योजना में शामिल प्रदेश के 76 लाख परिवारों को 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर देने व प्रदेश मे खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े एक करोड़ लोगों को प्रतिमाह मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना शुरू करने की घोषणा की है। जिसके तहत हर पैकेट में 1 किलो दाल, 1 किलो चीनी, 1 किलो नमक, 1 लीटर खाद्य तेल और मसाले उपलब्ध करवाए जाएंगें। जिस पर राज्य सरकार तीन हजार करोड़ खर्च करेगी। गहलोत की यह योजना 2023 में सत्ता वापसी के लिए मददगार साबित हो सकती है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रतिमाह व कृषि उपभोक्ताओं को दो हजार यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना में 25 लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार की सुविधा देना शामिल है। प्रदेश में सरकार द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में युवाओं से अब कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह बेरोजगार अभ्यर्थियों को बहुत बड़ी राहत दी गई है। बेरोजगार युवकों के लिए आगामी वर्ष में एक लाख नई भर्तियां करने की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने युवाओं को भी लुभाने का काम किया है। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा तो मुख्यमंत्री का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री है। उनकी घोषणा के बाद कई राज्य सरकारों ने इस योजना को लागू करना करने की घोषणा की है। अब हर राज्य के सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना के मुद्दे पर गहलोत ने भाजपा को राजनीतिक रूप से संकट में डाल दिया है।

हाल ही में भाजपा शासित कर्नाटक सरकार ने भी पुरानी पेंशन योजना के अध्ययन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी हर चाल बहुत सावधानी से चल रहे हैं। उन्हें पता है कि एक तरफ उन्हें भाजपा सहित अन्य विरोधी दलों से मुकाबला करना होगा। वही पार्टी में व्याप्त अंदरूनी गुटबाजी को भी काबू में कर उन्हें चुनाव में कांग्रेस को बहुमत दिलाना होगा। तभी उनका चौथी बार मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा हो पाएगा।

# कविता

तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा
लेते है लोग

तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है
लोग,
इस कदर भी बेमेल जोड़ी बना लेते है लोग।

इतनी धूप इतनी रोशनी है जमाने में यहाँ,
फिर भी अपना नकली चेहरा छुपा लेते है
लोग।

खुशी से मिलने की आरजू नहीं है जब दिल
मे,
फिर भी फरेब के हाथ से हाथ मिला लेते है
लोग।

पथरीली राहों मे फकीर चला था इसी विश्वास
से,
पथरीली राहों में भी राह बना लेते हैं लोग।

दिलो में कोयले सी कालिख है जिन जनाबों
के,
चेहरे पर फरेब की सफेदी लगा लेते है लोग।

आज तेरे शहर में भयानक उजाला है सूरज
का,
ऐसे में अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है
लोग।

संजीव
---------

## अपनी डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दें

**विजय गर्ग**

**डिजिटल** परिवर्तन की लहर से कोई भी उद्योग अछूता नहीं रहेगा। रोजमर्रा के कार्यों और संचार में तेजी से डिजिटल उपकरण शामिल होंगे। सीखना (चाहे कार्यस्थल शिक्षा या पूर्णकालिक शिक्षा) तेजी से डिजिटल उपकरणों का उपयोग करेगा। इंटेलिजेंट मशीनें - जिनमें रोबोट, सॉफ्टवेयर, एआई, सेंसर शामिल हो सकते हैं, और कौन जानता है कि भविष्य में और क्या होगा - कारखानों से कानून फर्मों तक तेजी से हर कार्यस्थल का हिस्सा बन जाएगा। संक्षेप में, सभी की नौकरियां एक डिग्री या किसी अन्य में बदल जाएंगी। अपनी डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के आसान तरीके इसका मतलब है कि हम सभी को डिजिटल उपकरणों के साथ काम करने और आसानी से प्रौद्योगिकियों के साथ बातचीत करने में सक्षम होने के लिए आश्वस्त होना चाहिए। संक्षेप में, डिजिटल साक्षरता से हमारा यही तात्पर्य है। यह हमारे तेजी से डिजिटल दुनिया में सीखने, काम करने और जीवन को नेविगेट करने के लिए आवश्यक कौशल है। बुनियादी डिजिटल साक्षरता का अर्थ है सक्षम होनाः ⁄ विश्वास के साथ डिजिटल उपकरणों, सॉफ्टवेयर और अनुप्रयोगों का उपयोग करें ⁄ ऋ्क्ष्ब्ङ्क्ष् डॉक्स या जूम जैसे डिजिटल टूल के माध्यम से दूसरों के साथ संचार, सहयोग और जानकारी साझा करें। ⁄ डेटा को उचित, प्रभावी और सुरक्षित तरीके से संभालें। ⁄ ऑनलाइन सुरक्षित रहें। अपनी डिजिटल साक्षरता बनाने के सात तरीके यहां दिए गए हैं। 1. इस डिजिटल क्रांति के आपके कार्यस्थल और आपकी नौकरी पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करके शुरूआत करें। कई लोगों के लिए, इसका अर्थ यह होगा कि आसानी से दोहराए जाने वाले कार्य स्वचालित हो जाते हैं क्योंकि मनुष्यों और मशीनों के बीच श्रम का विभाजन बदल जाता है। इस बात पर विचार करें कि आपकी नौकरी के कौन से हिस्से भविष्य में संभावित रूप से स्वचालित हो सकते हैं और यह आपकी भूमिका को कैसे प्रभावित कर सकता है (उदाहरण के लिए, मूल्य-वर्धित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आपको मुक्त करना, जिसके लिए आप वर्तमान में समय निकालने में संघर्ष कर रहे हैं)। 2. फिर, ऊपर उल्लिखित बुनियादी कौशलों को देखें और आकलन करें कि क्या आपके ज्ञान में कोई कमी है। यदि आपको अपने डिजिटल कौशल को बढ़ाने की जरूरत है, तो इस पर निर्भर करते हुए कि आप दुनिया में कहां हैं, कुछ उपयोगी सरकारी या संस्थागत शिक्षण संसाधन होने चाहिए। यूके में एक महान उदाहरण ओपन यूनिवर्सिटी से आता है, जिसमें "डिजिटल कौशलः डिजिटल दुनिया में सफल होना" नामक एक निः शुल्क पाठ्यक्रम है, जो लोगों को ऑनलाइन जीवन के लिए आत्मविश्वास और कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। 3. बुनियादी बातों से परे जाकर, आप एआई और मेटावर्स जैसी नई तकनीकों और डिजिटल रुझानों से अवगत रहना चाहेंगे। डिजिटल दुनिया में फलने-फूलने के लिए आपको एक तकनीकी विशेषज्ञ बनने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आपको इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि आगे क्या हो रहा है।

# विचार

## प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ भारत की लड़ाई

**प्रियंका सौरभ**

**भारत** ने हाल ही में नैरोबी में होने वाली पांचवीं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा से एक महीने पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव जारी किया। कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत मसौदों के विपरीत, भारत के ढांचे ने कानूनी रूप से बाध्यकारी होने के बजाय एक स्वैच्छिक दृष्टिकोण का प्रस्ताव दिया। 2019 में, केंद्र सरकार ने 2022 तक भारत को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए, देश भर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक बहु-मंत्रालयी योजना बनाई थी। वर्तमान में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले कैरी बैग और प्लास्टिक शीट के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाता है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम 2022 तक विशिष्ट एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर रोक लगाते हैं, जिनकी "कम उपयोगिता और उच्च कूड़ेदान क्षमता" है। प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर, 2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 22 राज्यों ने अतीत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, लेकिन इसका बहुत कम प्रभाव आर्द्रभूमि और जलमार्गों को चोक करने और महासागरों में ले जाकर माइक्रोप्लास्टिक में बदलने के संकट पर पड़ा है। अब तक, 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की लड़ाई में शामिल हो गए हैं और कैरी बैग, कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और थमोकोल उत्पादों जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। भारत ने पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर घोषित अपने "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" संकल्प के लिए वैश्विक प्रशंसा भी हासिल की है, जिसके तहत उसने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर - उदाहरण के लिए, सभी पेट्रोकेमिकल उद्योगों को - प्रतिबंधित वस्तुओं में लगे उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण समितियां एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं में लगे उद्योगों के लिए वायु/जल अधिनियम के तहत जारी सहमति को संशोधित या रद्द कर देंगी। स्थानीय अधिकारियों को इस शर्त के साथ नए वाणिज्यिक लाइसेंस जारी करने का निर्देश दिया गया है कि उनके परिसर में एसयूपी आइटम नहीं बेचे जाएंगे, और मौजूदा वाणिज्यिक लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे यदि वे इन वस्तुओं को बेचते पाए गए। कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के 200 निमार्ताओं को एकमुश्त प्रमाणपत्र जारी किया है और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए बीआईएस मानकों को पारित किया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दंडित किया जा सकता है - जो 5 साल तक की कैद, या 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों की अनुमति देता है। उल्लंघनकताओं को पर्यावरण क्षति मुआवजे का भुगतान करने के लिए भी कहा जा सकता है। प्लास्टिक पर कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक संधि के गुण सभी देशों पर कानूनों का एक समान सेट लागू होता है जिससे प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए दुनिया भर में संचयी प्रयास को बढ़ावा मिलता है। भूमि, समुद्री आदि सभी प्रकार के प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए वैश्विक अभियान को मजबूत करता है। प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक वित्तीय तंत्र बनाने में मदद करता है। सभी देश संधि का पालन करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं क्योंकि प्लास्टिक का विकल्प अवहनीय या दुर्गम या अनुपलब्ध हो सकता है। सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के सिद्धांत के खिलाफ जाता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## भ्रष्टाचार पर सर्जिकल स्ट्राइक की जरूरत

**राजेश माहेश्वरी**

**भ्रष्टाचार पर** मोदी सरकार के सख्त एक्शन से विपक्ष तमतमाया हुआ है। विपक्ष का आरोप है कि केंद्र अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान और बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रहा है। बीते दिनों प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है। और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से जुड़े कई ठिकानों पर ईडी के अफसर जांच पड़ताल कर रहे हैं- जिसमें लालू यादव की बेटियों, रिश्तेदारों के घर और करीबियों के यहां छापेमारी हुई है। दिल्ली सरकार की शराब नीति के मामले में ईडी ने बीआरएस एमएलसी के. कविता से भी पूछताछ की है। कविता तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या वास्तव में मोदी सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है? सवाल यह भी है कि सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम क्यों नहीं ले रहा? सवाल यह भी है क्या राजनीति सेवा की बजाय असल में लूटमार का जरिया बन गई है? इतिहास के पन्ने पलटे तो देश में भ्रष्टाचार का बीजारोपण तो आजादी के दूसरे दशक में ही हो गया था। तत्कालीन गृह मंत्री वाईबी चह्वाण ने 1967 में लोकसभा में इसका संकेत भी दिया था। उन्होंने कहा था कि चुनाव के लिए कुछ पार्टियों को विदेशों से धन मिला है। वे नाम भी उजागर कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि कई लोगों को नुकसान होगा। मसलन जानबूझ कर भ्रष्टाचार को खुली झंडी दिखा दी गयी। वहीं इस मामले में एक खास बात यह भी है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार पर राजनीतिक दलों का एक अपरोक्ष समझौता सा था। चुनाव के दौरान एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के तीखे आरोप लगाने वाले दल सत्ता हासिल करने के बाद मुंह बंद करके स्वयं लूट में शामिल हो जाते थे। लेकिन अब माहौल बदल रहा है। विपक्ष का आरोप है कि जांच एजेंसिया बीजेपी के नेताओं के भ्रष्टाचार पर मौन धारण किये रहती हैं और राजनीति के चलते हमें परेशान किया जा रहा है। आंकड़ों के आलोक में बात करें तो सीबीआई ने 2022 के अंत तक 124 मामले दर्ज किए थे, जिनमें 118 मामले विपक्षियों के खिलाफ दर्ज किए गए और भाजपा के मात्र 6 केस इस दायरे में लाए गए।

## बेचो, खाओ मौज करो

**डॉ. सुरेश कुमार**

**उधर** गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं। इधर जनता हाय-हाय करने लगी। यह बात अंधभक्तों को बुरी लगी। वे लोगों को समझाने निकल पड़े कि गैस सिलेंडर की कीमतें नहीं बढ़ी हैं बल्कि आम जनता में खरीदने की क्षमता में कमी हुई है। जनता कामचोर होती जा रही है। विकासशील देश में ऐसी जनता का होना नाक कटाने से कम नहीं है। कुछ अतिउत्साही अंधभक्तों ने टोली बनाई और तय किया कि ऐसी कामचोर जनता जहाँ भी मिलेगी हम उनकी खूब कुटाई करेंगे और उनसे जमीन पर नाक रगड़वाकर कहलवायेंगे कि दुनिया में इतना सस्ता गैस सिलेंडर कहीं नहीं मिल सकता। और तो और उनसे यह भी कबूलवाने का प्रयास करेंगे कि गैस सिलेंडर में कोई ऐसी-वैसी गैस नहीं है। इसमें देशभक्ति की गैस भरी है। इस गैस से पका पकवान राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति का संचार करेगा। जो गैस सिलेंडर की कीमतों का विरोध करेगा वह राष्ट्रद्रोही और देश के नाम पर कलंक कहलाएगा। अंधभक्तों ने एक बस्ती पर धावा बोला। वहाँ जाकर लोगों के गैस सिलेंडर उठा लाए। हर किसी के पास एक या दो सिलेंडर थे। अंधभक्तों के मुखिया ने कहा झ लोगों से बहस कर सिलेंडर हथियाने में रात हो गई। कल मीडिया में इस खबर के बारे में रिपोर्ट जारी की जाएगी कि किस प्रकार सरकार से मुफ्त के गैस सिलेंडर लेकर उन्हीं पर अंगुली उठा रहे हैं। ऐसा करने से गैस सिलेंडर की कीमतों का विरोध करने वालों के मुँह पर ताला पड़ जाएगा। कल दोपहर को सब मीडिया प्वाइंट के पास मिलेंगे। चूँकि गैस सिलेंडर भरे हुए हैं सो सभी एक सिलेंडर अपने-अपने घर ले जाओ। सभी मैं ले जाऊँगा तो बस्ती भर के लोग इसी पर खाना पकाना शुरू कर देंगे। वैसे नेता का मतलब लूटी हुई सामग्री का एक समान आबंटन करने वाला होता है। तुम सबको तो पता ही है कि इन्हीं सिलेंडरों को होटलों, दुकानों में बेचकर हमारा धंधा पानी चलता है। इसलिए तुम सब भी यही करना। बदले में खाली सिलेंडर उठा लाना। अगले दिन दोपहर को सब मिले पर सिलेंडर कोई नहीं लाया था।

# '21 को हिन्दू नव वर्ष जागृति शोभायात्रा का आयोजन'



**8 शोभा यात्रा का आयोजन हिन्दू नव वर्ष जागृति मंडल की तरफ से होगा तथा शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का सहयोग रहेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विक्रम सम्वत** 2080 तथा नवरात्रों की पूर्व संध्या पर आगामी 21 मार्च (मंगलवार) को शहर में हिन्दू नव वर्ष जागृति शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। शोभा यात्रा का नेतृत्व स्वामी दिव्यानंद भिक्षु, गुरू सरोज माता एवं स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज करेंगे। शोभा यात्रा का आयोजन हिन्दू नव वर्ष जागृति मंडल की तरफ से होगा तथा शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का सहयोग रहेगा जिसमें विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, गौरक्षा दल एवं समस्त गऊ शालायें, बाबाधाम, ओम शिव सेवा समिति, शिव सेवा समिति, राम परिवार, हरि संकीर्तण मंडल, सुन्दर काण्ड यज्ञ समिति, श्रीराम मंदिर एवं अग्रवाल धर्मशाला, प्राचीन रामलीला सभा, प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर, महावीर दल, सनातन धर्मसभा, खाटु श्याम मंदिर, श्याम मित्र मंडल, प्राचीन हनुमान मंदिर न्यू कोर्ट, जिला व्यापार मंडल, जन जागृति मंच, श्री श्याम बालाजी सेवा मंडल एवं श्री श्याम एकता परिवार मंडल, सभी गुरूद्वारा सभायें, समाज सेवा समिति, विवेकानंद शिक्षा समिति आदि के पदाधिकारीगण सम्मिलित रहेंगे। इस बारे मंडल के संरक्षक राजीव जैन ने सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन कार्यालय पर किया जिसमें क्रमशः सुरेश कथूरिया, दीपांकर कथूरिया, सुभाष गुप्ता, नरेन्द्र पाल शर्मा, एडवोकेट संतराम, आनंद बोरा, आर्यन सैनी, इन्द्र सिंह सैनी, विजय कुमार, नवीन मंगला, संजीव वलेचा, राजेश सैनी, ओम प्रकाश अरोड़ा (श्रीराम परिवार), अमित जैन, पवन गुप्ता आदि-2 पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि हम अनेकों वर्षों से हम अंग्रेजी नव वर्ष बड़े उल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं परन्तु हिन्दू नव वर्ष पर ऐसा आयोजन पहली बार किया जा रहा है ताकि हर भारतीय में विक्रम सम्वत 2080 को मनाने की चेतना भी जागृत हो सके। शोभा यात्रा का शहर में तीन दर्जन स्थानों पर विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य द्वारा पुष्पों की वर्षा करके स्वागत किया जाएगा। राजीव जैन ने बताया कि शोभा यात्रा गुड़मण्डी, पुरानी अनाज मण्डी से शुरू होकर कालुपुर चुंगी, रेलवे फ्लाई ओवर, ओल्ड डी0सी0 रोड़, कच्चे क्वार्टर, सुभाष चैक, रेलवे रोड़, गीता भवन चैक, बस अड्डा से होती हुई बाबा धाम पर आतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगी। शोभा यात्रा में बजरंग दल के युवा सदस्यों का मोटर साईकिलों पर सवार जत्था, भारत माता, महाराणा प्रताप, शहीद भगत सिंह, भगवान श्रीराम दरबार, माता शेरां वाली, गुरू गोबिन्द सिंह के पंज प्यारे, खाटु श्याम जी, हनुमान जी का स्वरूप एवं रानी लक्ष्मी बाई जी की झाँकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

# एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में एनुएल एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन

### भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की कप्तान निर्मल तंवर ने बतौर मुख्य अतिथि की युवाओं की हौंसला अफजाई, मेहनत एवं संघर्ष करने वालों की जीवन के हर क्षेत्र में होती है हमेशा जीतः निर्मल तंवर



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**एसडी पीजी** कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का बुधवार को भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की कप्तान निर्मल तंवर ने किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके भाई अंकित तंवर मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत एसडी पीजी कॉलेज के प्रधान पवन गोयल, महासचिव तुलसी सिंगला,प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो सुशीला बेनीवाल ने पुष्प रोपित गमले और शाल भेंट कर किया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में खिलाडि?ें ने मार्च पास्ट में भाग लिया, जिसकी सलामी निर्मल तंवर ने ली। उसके उपरांत निर्मल तंवर ने ध्वज फहराया और कॉलेज के खिलाडि?ें को खेल-भावना से खेलने की शपथ दिलाई। एथलेटिक मीट 2023 में ओवर आल प्रदर्शन के आधार पर छात्र हरि नारायण और छात्रा अन्नू बेस्ट एथलीट बने। मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी ने किया। वहीं निर्मल तंवर ने कॉलेज के ख्याति प्राप्त खिलाडि?ें विजयंत, नितेश और नवीन शर्मा को सम्मानित किया। निर्मल तंवर ने कहा कि यदि हर खिलाड़ी अपने मन में कुछ भी पाने की ठान ले तो उसे हासिल करना असंभव नहीं है। मेहनत एवं संघर्ष करने वालों की जीवन के हर क्षेत्र में हमेशा जीत होती है। डॉ सुशीला बेनीवाल ने कहा कि कॉलेज के लगभग 300 खिलाडियों ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय,आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीते है। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ सदस्य डॉ नवीन गोयल, प्रो राकेश सिंगला, प्रो पवन सिंगला, डॉ मुकेश पूनिया, डॉ एसके वर्मा, प्रो मयंक अरोड़ा, डॉ बलजिंद्र सिंह, प्रो गीता परूथी, प्रो अन्नु आहूजा, प्रो रजनी, ग्राउंड्समैन प्रताप व दीपक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### श्री शनिदेव जी का वार्षिक मेला 18 को

टीम एक्शन इंडिया/नारनौल
**मोहल्ला** चांदुवाडा स्थित शनि देव जी मंदिर में श्री भृगुवंशी ज्योतिषीयान ट्रस्ट रजि. नारनौल द्वारा आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान शंकर लाल भार्गव ने बताया इस मेले में कोलकाता के फूलों द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। आने वाले सभी भक्तों को ट्रस्ट द्वारा शुद्ध देसी घी की बूंदी का प्रसाद वितरित किया जाएगा तथा मंदिर को भव्य लाइटो द्वारा सजाया जाएगा।आने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार की दर्शन में असुविधा ना हो इसके लिए ट्रस्ट द्वारा सुगम दर्शन की व्यवस्था की जाएगी ,खाने-पीने की स्टाल व बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि की व्यवस्था होगी,इस अवसर पर शनि देव महाराज की महा आरती की जाएगी। जिसका समय साय कालीन 7:15 बजे रहेगा , ट्रस्ट के प्रधान ने सभी शहर वासियों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पहुंचकर शनि देव महाराज के दर्शन करें।

### वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मीलिट वर्ष के रूप में मनाया जाएगा

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि आज के समय में पोषक तत्वों की कमी के लक्षण हर महिला और बच्चों में दिखाई दे रहे हैं, जिसका मुख्य कारण है कि हम अपने पारम्परिक मोटे अनाजों को छोडक? गेहूं और धान तक सीमित हो गए हैं। मोटे अनाजों जैसे बाजरा के महत्व को देखते हुए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मीलिट वर्ष के रूप में मनाने का फैसला लिया गया है ताकि मोटे अनाजों की महत्ता और गुणवत्ता को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष मनाने की सहमति अन्य 70 देशों ने भी दी है। मोटे अनाज का मुख्य रूप बहुत गुण भरा है। मोटे अनाज के गुणों को फिर से जानने समझने तथा जीवन में शामिल करने का समय आ गया है। मोटे अनाज वर्षों से परिचित हैं। मौसम बदलता है तो मक्के, ज्वार और बाजरे के रोटी को शौंक से खाते हैं लेकिन आम जन-मानस इनके गुणों से अपरिचित है। इनके अलावा जई, कोदो, कुटकी, रागी और समा आदि भी मोटे अनाजों में शामिल हैं। ये सभी अनाज गुणों से भरपूर हैं। इनमें पाया जाने वाला रेशा और इस रेशे में घुलनशील और अघुलनशील दोनों ही रूप हमारे शरीर में पाचन तंत्र में वरदान की तरह काम करते हैं। घुलनशील रेशा पेट में कुदरती तौर पर मौजूद बैक्टिरिया को सहयोग करके पाचन को बेहतर बनाता है वहीं अघुलनशील रेशा पाचन तंत्र से मल को इक्ा करने और उसकी आसान निकासी में मदद करता है। यह पानी भी खूब सोखता है यानि व्यक्ति को मोटा अनाज खाने के बाद प्यास भी खूब लगती है जो पाचन तंत्र के लिए बहुत अच्छा है। उन्होंने बताया कि बाजरा उर्जा से भरपूर, प्रोटीन का उत्तम स्त्रोत, खनिज लवणों व रेशों से भरपूर और मोटापा, मधुमेह व दिल के मरीजों के लिए उत्तम अनाज है, क्योंकि इसमें उर्जा 350-370 कैलोरी, प्रोटीन 9-14 प्रतिशत, मिनिरल 2-3 प्रतिशत व फाईबर 1-2 प्रतिशत पाए जाते हैं। बाजरा से बिस्कुट, पास्ता, नोडयुल, केक, सेवियां, नमकीन, लड्डू, शक्करपारा व बहुत सारे अन्य स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं और ये व्यंजन काफी पंसद किए जा रहे हैं। ये सभी व्यंजन बच्चों, बूढ़ों, गर्भवती व धात्री मां के भोजन के लिए पौष्टिक एवं उपयुक्त हैं। किसान ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती करें ताकि उच्च गुणवत्ता से भरपूर अनाज आम जनमानस के लिए उपलब्ध करवाया जा सके।

### गेटवे कालेज में बेरोजगार युवाओं के लिये किया जाएगा रोजगार मेले का आयोजनः सविता लाम्बा

**सोनीपतः जिला** रोजगार अधिकारी सोनीपत सविता लाम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सोनीपत द्वारा 16 मार्च वीरवार को सोनीपत के सेक्टर 11 स्थित गेटवे कालेज में बेरोजगार युवाओं के लिये एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की रिक्तियों से सम्बंधित सम्प्रेषण किया जायेगा, जिसमें आईटीआई, डिप्लोमा, मैनेजमेंट व अन्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त बेरोजगार युवाओं तथा साथ ही 10वीं से स्नातकोत्तर तक शिक्षा प्राप्त बेरोजगार युवाओं के लिए मौके पर ही साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। उन्होंने बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेंले में पहुंचे। मेले में जिला सोनीपत व आस-पास के क्षेत्र की 20 से अधिक प्रसिद्ध कंपनीयां हिस्सा लेंगी तथा मौके पर ही सभी प्रार्थियों का साक्षात्कार एंव चयन प्रक्रिया को पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले प्रार्थी अपने साथ रोजगार पंजीकरण, आधार कार्ड व अन्य शैक्षणिक दस्तावेज अवश्य लेकर पहुंचे।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने नगर निगम में पहुंचकर शहरवासियों की सुनीं समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने नगर निगम में पहुंचकर शहरवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान शहरवासियों ने प्रोपर्टी आईडी, सफाई व्यवस्था, पेयजल, विकास कार्यों से सम्बंधित समस्याएं रखी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत विधानसभा को विकास कार्यों से चमकाना उनकी प्राथमिकता है, जिसके लिए वह लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में करोड़ों रुपयों के विकास कार्य करवाए जा रहे है, ताकि शहर की कोई भी कालोनी विकास कार्य से वंचित न रहे। नगर निगम में प्रापर्टी आईडी से सम्बंधित कई समस्याएं सुनी। रैजिडेंशियल प्रोपर्टी को कमर्शीयल दिखाया गया है, जोकि बड़ा ही गलत है। उन्होंने तुरंत सबंधित अधिकारी को ऐसी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर में कई स्थानों पर सीवरेज लाइन ब्लॉकिज की शिकायतें मिली, वह भी संबधित अधिकारी को तुरंत समाधान करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज कुछ स्थानों पर ही सीवरेज समस्याएं बनी हुई है जिसका स्थाई समाधान जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस स्थान पर काफी पुरानी सीवरेज लाइन हो चुकी है, उसमें पानी की सप्लाई ठीक से नहीं हो पाती, उसे भी विभाग द्वारा बदला जाए। पेयजल समस्यां को लेकर अधिकारियों को पुनः निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति का पुख्ता प्रबंध कर ले।

# विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**जवाहर** नवोदय विद्यालय करीरा में प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आज विज्ञान ज्योति फेज 3 कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय उन्हानी के सहायक प्रोफेसर दिनेश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान हम सोचते हैं उतना कठिन नहीं है। अगर विज्ञान को हम गतिविधियों द्वारा समझे तो विज्ञान बहुत आसान है। उन्होंने इस मौके पर छात्राओं से अनेक गतिविधियां करवाई तथा स्वयं भी उदाहरण प्रस्तुत किए। इन गतिविधियों से छात्राओं को प्रोत्साहन मिला। प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने कहा कि सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया गया है, वैसे ही नवोदय विद्यालय समिति द्वारा विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में छात्राओं को आगे लाने के लिए विज्ञान ज्योति कार्यक्रम शुरू किया गया है।

# उप कुलपति 2 जागरूकता प्रसार वैनों को हरी झंडी दिखा कर करायेंगे रवानगी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कृषि विज्ञान** केंद्र उझा में गुरूवार 16 मार्च को आयोजित किये जा रहे एक दिवसीय कृषि मेले का हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उप कुलपति बलदेव राज कम्बोज उद्घाटन करके मोटे अनाज के प्रसार के लिए जिले में भेजी जा रही 2 जागरूकता प्रसार वैनों को हरी झंडी दिखा कर रवानगी करेंगे। यह प्रसार वैन 15 दिन जिले में घुमकर मोटे अनाज का दैनिक जीवन में उपयोग करने का प्रचार-प्रसार करेगी। कृषि एवं कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि मेले में कृषि एवं कल्याण विभाग द्वारा मोटे अनाज को लेकर तैयार की गई 24 पन्नों की किताब का भी उप कुलपति विमोचन करेंगे। मेले में रोड़ शौ का भी आयोजन किया जायेगा। मेले में प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जायेगा।

कृषि एवं कल्याण विभाग के उप निदेशक ने बताया कि मेले में किसान 40 हजार एकड़ में ढांचे के लिए निःशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। यह सुविधा मेले के दिन रहेगी। मेले में भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभाग का अलग से स्टॅाल होगा। मेले में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि से संबंधित आधुनिक जानकारी भी प्रदान की जायेगी।

कृषि विज्ञान केंद्र ऊर्जा के वरिष्ठ संयोजक डॉ राजबीर गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि मेले में लगाई जा रही प्रदर्शनी में प्रगतिशील किसानों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। कृषि संबंधित उत्पादों का यह प्रदर्शन उन किसानों के लिए लाभदायी होगा जो किसान मत्स्य, सिंचाई और घरेलू उत्पाद जैसे की आवला शहद आदि में रुचि लेते है। केंद्र के वरिष्ठ संयोजक ने बताया कि मेले में प्राइवेट कंपनियां भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी।

### मत्सय पालन की ओर भी अग्रसर हों किसानः उपायुक्त

**पानीपतः केन्द्र व** प्रदेश सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्सव पालन को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य कर रही है, ताकि किसानों की आय में स्थाई वृद्धि हो सके। वर्तमान में मत्सय क्षेत्र में देश व हरियाणा प्रदेश निरन्तर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपायुक्त सुशील सारवान ने जिला के किसानों से आह्दवान करते हुए कहा कि वे कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्सय पालन की ओर भी रूचि दिखाएं ताकि उनके लिए स्थाई कृषि आय में और बढौतरी हो सके।

# वीमन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित हुई डॉ अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**15 मार्च** 2023 सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि., सोनीपत एवं वीमन सेल सी आर ए कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में *ग्रेट ऐट वोमेन्स ऑफ द ईयर - 2023* अवार्ड समारोह एवं सेमिनार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम - डिजिटऑलः लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय पर सेमिनार का आयोजन छोटूराम आर्य कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रमेश चंद्र मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ बी आर अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की वाईस चांसलर डॉ अर्चना मिश्रा ने शिरकत की व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ममता सचदेवा ने की। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में आबकारी कराधान अधिकारी संगीता डबास, दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन, निगम पार्षद नीतू दहिया, राष्ट्रीय अवार्डी डॉ अनिता सिंह मौजूद रही। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रमेश चंद्र ने कहा की लैंगिक असमानता को खत्म करने के लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देकर हम इस लक्ष्य को जल्दी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया की डिजिटल नवाचार और प्रौद्योगिकी के जरिये यौन- और लिंग आधारित हिंसा, बालिका शिक्षा, वित्तीय साक्षरता, महिला नेतृत्व, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में मजबूती से कदम बढ़ा रहीं हैं।
इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ अर्चना मिश्रा ने कहा डिजिटल संशाधनो और टेक्नोलॉजी नें महिला पुरुष के बीच के खाई को कम करने में काफी मदद की है। भारत में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट सहित डिजिटल तकनीकों का उपयोग करने वाली महिलाओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। डिजिटल तकनीक से जुड़ने वाली महिलाओं को अब महिला पुरुष भेदभाव जैसी चुनौतियों से कम जूझना पड़ता है। उन्होंने नें कहा की वह डिजिटल माध्यमो के जरिये अपनी बातें खुल कर रखने में सक्षम हो पायी हैं।

# पानीपत शुगर मिल में गन्ना किसानों के लिये सेमीनार का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
पानीपत के गांव डाहर शुगर मिल में बुधवार को गन्ना किसानों के लिये सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 300 किसानों ने भाग लिया। सेमिनार में गन्ना अनुसंधान केंद्र करनाल के विशेषज्ञों और शुगर मिल फेडरेशन के गन्ना सलाहाकार ने किसानों को नई वेरायटी के गन्ने की बिजाई करने, गन्ने में लगने वाली बीमारियां व बचाव आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी। शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन ने जिला पानीपत में गन्ना का रकबा बढाने पर जोर देते हुए कहा कि जिला में इस बार 25104 एकड़ में गन्ने की बिजाई की गई है और अगले सीजन के लिये गन्ने का रकबा बढ़ाकर 30 हजार एकड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पानीपत में नया शुगर मिल 50 हजार क्विंटल रोजाना पिराई क्षमता का है और इसके लिये पानीपत जिला में गन्ने का रकबा बढ़ाने की जरूरत है। वहीं एमडी नैन ने किसानों को बताया कि पानीपत शुगर मिल में बुधवार सुबह 6 बजे तक 50 क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है और शुगर मिल में अब रोजाना 54-55 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई की जा रही है।

# जर्मनी में पीएचडी करेगा धौलेड़ा का राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**गांव** धौलेड़ा के राहुल पुत्र श्री सतीश कुमार फौजी को यूरोपियन अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है। अब वे जर्मनी की हीडलबर्ग विश्वविद्यालय के आर्गेनिक रसायन विभाग में रह कर दवा विकास एवं जैविक संश्लेषण पर अपना शौध (पी एच डी) करेंगे। इस उपलब्धि पर शहीद भगत सिंह विद्यालय, धौलेड़ा की ओर से राहुल को सम्मानित किया गया। विद्यालय संचालक श्री कृष्ण कुमार ने बताया कि राहुल हमारे विद्यालय का एक प्रतिभाशाली छात्र रहा है। उसने दसवीं कक्षा 93% अंकों से पास की थी। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद राहुल ने आई आई टी मद्रास से रसायन विषय में स्नातकोत्तर किया है। विद्यालय मुखिया श्री विक्रम सिंह ने राहुल को बधाई व शुभकामनाए दी और बताया कि पिछले बीस वर्षों से विद्यालय ने क्षेत्र की अनेक प्रतिभाओं को निखारा है। श्री रामप्रताप नंबरदार ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे राहुल से प्रेरणा ले कर कड़ी मेहनत करें सफलता आपके कदम चूमेगी। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरूजनों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही मेरे सपने साकार हुए हैं। इस अवसर पर बाबूलाल नंबरदार, पूर्व मुख्य अध्यापक दुलीचंद आदि अनेक ग्रामीण,अध्यापक व बच्चे उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती

## संघर्ष समिति कार्यालय में करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**सर्व** अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में समाज सुधारक और आंदोलन के नायक साहेब कांशीराम की 89वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन महेंद्रगढ़ रोड़ स्थित संघर्ष समिति कार्यालय में करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही सभी सदस्यों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया । कार्यक्रम का संचालन हरियाणा एससी बीसी महासभा के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था, दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल द्वारा करते हुए बताया कि बहुजन नायक कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जिले में हुआ था । उन्होंने बीएससी की डिग्री हासिल कर 1958 में पूना में रक्षा उत्पादन विभाग में सहायक वैज्ञानिक के रूप में नौकरी की शुरूआत की। इसी दौरान वर्ष 1965 में डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिवस पर सार्वजनिक अवकाश रद्द करने के विरोध में संघर्ष किया। यहीं से बाबा साहेब व ज्योतिबा फुले के संघर्षों से प्रेरित होकर उनके कारवां को आगे बढ़ाया ।
संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह, हरियाणा अजा एवं पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी, जांगिड़ सभा के सुरेश बौद्ध, चमार महासभा के जिला प्रधान अनिल फाण्डन, पूर्व डीजीएम महेंद्र सिंह खन्ना, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चवन आदि ने अपने अपने सम्बोधन में बहुजन नायक, दलित व शोषित समाज के मसीहा कांशीराम की जीवनी पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने सहकर्मियों के साथ मिलकर बामसेफ व दलित शोषित समाज संघर्ष समिति का गठन कर अपने मिशन को आगे बढ़ाया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

# दिल्ली के हर घर को मिलेगा भरपूर पानी

## साथ ही इस दिशा में चल रहे दिल्ली जल बोर्ड के कामों को निर्धारित समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कैंप कार्यालय पर जल मंत्री सौरभ भारद्वाज, वन मंत्री गोपाल राय और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर दिल्ली में पानी की उपलब्धता बढ़ाने और उसके सावधानीपूर्वक उपयोग पर विशेष बल दिया। साथ ही इस दिशा में चल रहे दिल्ली जल बोर्ड के कामों को निर्धारित समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के पास मौजूद पानी के संपूर्ण इस्तेमाल और उसकी बबार्दी रोकने के लिए समयबद्ध काम किया जाए। सभी ट्यूबवेल चालू हों, नए ट्यूबवेल का निर्माण तेजी से किया जाए और खराब ट्यूबवेल 24 घंटे के भीतर ठीक किए जाएं। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नए एसटीपी का काम जल्द पूरा किया जाए। केजरीवाल ने हरियाणा से आने वाले पानी में उपलब्ध अमोनिया को ट्रीट करने का एक सप्ताह में प्लान मांगा है। साथ ही मुख्य सचिव को जमीन संबंधित समस्या के निपटारे के लिए डीडीए के साथ सामंजस्य स्थापित करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में केजरीवाल ने दिल्ली में पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जमीन मिलने के छह महीने के अंदर ट्यूबवेल लगा दिए जाएं। जितने भी ट्यूबवेल लग गए हैं, वहां यूजीआर पर वॉटर फ्लो मीटर लगाने का काम जल्द पूरा किया जाए, ताकि पानी की बबार्दी को रोका जा सके। फ्लो मीटर सभी टैपिंग पर लगाया जाए, जिससे जितना पानी निकले, उसका पता चल सके। वहीं जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बैठक में कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस समय यमुना में हरियाणा से जो पानी आ रहा है, उसमें से ज्यादातर हिस्सा इंडस्ट्रियल वेस्ट का है। यमुना में बिना ट्रीट किया हुआ पानी सीधे छोड़ा जा रहा है। इस पानी में अमोनिया की मात्रा इतनी ज्यादा है कि उसे दिल्ली के ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री ने बैठक में कुछ ऐसे कदम उठाने को कहा





### आबकारी नीतिः मनीष सिसोदिया की भी हो चुकी है गिरफ्तारी

**खास** बात है कि दिल्ली आबकारी नीति के कथित घोटाले में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया भी आबकारी नीति के कथित घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तारी किया था। इसके बाद ईडी ने भी तिहाड़ जेल में सिसोदिया से पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की।

### दिल्ली में और 6 महीने लागू रहेगी पुरानी एक्साइज पॉलिसी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की अरविंद केजरीवाल सरकार ने बुधवार को पुरानी एक्साइज पॉलिसी को 6 महीने के लिए और बढ़ा दिया है। साथ ही अधिकारियों को जल्द नई शराब नीति तैयार करने को कहा है। इन 6 महीनों के दौरान दिल्ली में 5 दिन ड्राई डे रहेगा।

**जल्द नई शराब नीति तैयार करने का निर्देश:** बता दें कि दिल्ली सरकार की ओर से लाई गई आबकारी नीति 2021-22 को वापस ले लिया गया था। साथ ही सरकार ने नई एक्साइज पॉलिसी के तैयार होने तक पुरानी शराब नीति को लागू किया गया था। हालांकि, अभी तक अधिकारियों की तरफ से नई एक्साइज पॉलिसी तैयार नहीं हो पाई है। इसी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने 6 महीने के लिए पुरानी शराब नीति को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

# यमुना की सफाई के लिए एलजी ने की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना की अध्यक्षता में बीती रात एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में दिल्ली में करीब 200 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन नेटवर्क के दुरुस्त नहीं होने से यमुना की सफाई में सबसे बड़ी परेशानी को लेकर चर्चा की गई। इन सीवर लाइन में गाद निकालने की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में एलजी ने जल बोर्ड के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि वह जल्द से जल्द इसके उपाय करें। एनजीटी 30 जून को यमुना के कायाकल्प की दिशा में अब तक हुई प्रगति का जायजा लेगा। पिछले सप्ताह जी 20 सम्मेलन में हिस्सा लेने आए विदेशी मेहमानों को एलजी यमुना के एक किनारे पर ले गए थे और वहां पर कुछ हिस्से को बेहतर बनाने की दिशा में जो काम हुआ है उसे उन्होंने दिखाया था। उसी तर्ज पर दिल्ली में कई जगहों पर यमुना की घाट को बनाने की योजना है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यमुना की सफाई के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजना जिसके तहत सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम जारी है, उस पर तेजी से काम किया जाए। यमुना को लेकर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की फरवरी माह की रिपोर्ट में बताया गया है कि यमुना में गंदगी को रोकने के लिए 40 डिसेंट्रलाइज एसटीपी (सीवर ट्रीटमेंट प्लांट) की डेडलाइन को कम कर दिया गया है।

# दिल्ली जू में वन्यजीवों के खाने में होगी कटौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** जिला मथुरा रोड स्थित दिल्ली चिड़ियाघर में अब यहां रहने वाले बड़े प्रजाति के वन्यजीवों को खाने में कटौती की जाएगी। इसके लिए जू प्रशासन समर एक्शन प्लान तैयार कर रहा है। जू की निदेशक आकांक्षा महाजन ने बताया कि समर एक्शन प्लान के तहत बड़े से लेकर छोटे प्रजाति के वन्यजीवों के खाने में कटौती होगी। बड़े प्रजाति के वन्यजीव जैसे, बाघ, शेर, तेंदुआ सहित मांसाहारी वन्यजीव को सर्दियों के मुकाबले 3 से 4 किलो कम मीट दिया जाएगा। सुबह के वक्त जू कीपर उन्हें उनके पिंजरे में मीट परोस देंगे और खाना खाने के बाद उन्हें शावर दिया जाएगा।



जिससे वह तरोताजा महसूस कर सकें। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में यह प्रक्रिया शुरू की जाएगी। महाजन ने बताया कि मांसाहारी वन्यजीव को सर्दियों में 10 से 12 किलो भैंस का मीट दिया जाता है, क्योंकि सर्दियों में जानवरों में खुराक की मांग बढ़ जाती है। जबकि, गर्मियों में खुराक कम की जाती है। उन्होंने बताया कि इससे पाचन प्रक्रिया ठीक रहती है और तरह-तरह की बीमारी से बचाव होता है। साथ ही साथ शाकाहारी वन्यजीव के लिए ताजे फल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल, सभी वन्यजीवों के बाड़े से हीटर हटा लिया गया है। हालांकि, अभी मौसम के देखते हुए पंखा और कुलर लगाने की प्रक्रिया की जाएगी। जू निदेशक ने बताया कि जिस तरह से मौसम में बदलाव हो रहा है। इंसानों की तरह की जानवरों में भी तबीयत खराब होने की शिकायत मिलती है। हालांकि, अभी मौसम के बदलाव के कारण किसी भी वन्य जीव की तबीयत बिगड़ने का कोई मामला नहीं आया है।

### गर्मी की तैयारी

= बड़े प्रजाति के वन्यजीवों को खाने में कटौती की जाएगी। इसके लिए जू प्रशासन समर एक्शन प्लान तैयार कर रहा है

## गुस्से में आकर चाकू और पत्थर मारकर कर दी थी हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने 25 वर्षीय एक शख्स को एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बुधवार को दिल्ली पुलिस से जुड़े अधिकारी ने जानकारी दी है। आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले के पिटोरा गांव के रहने वाले नबी मोहम्मद के रूप में हुई है।

**होली के दिन सीबीडी ग्राउंड में मिला था शवः** 8 मार्च यानी होली के दिन केशव पार्क, सीबीडी ग्राउंड के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जिसके सिर पर चोट के निशान थे।



दिल्ली सरकार के खुद में अनूठे दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल (डीएमवीएस) ने अपना पहला साल पूरा किया। दिल्ली के वर्ल्ड क्लास एजुकेशन मॉडल को देशभर में जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाने के विजन के साथ शुरू किए गए इस वर्चुअल स्कूल के वार्षिकोत्सव ह्य"इंप्रिंट्स-ए मार्क लीविंग जर्नी" में शिक्षा मंत्री आतिशी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

# 'आप' के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाएगी भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार की आबकारी नीति और एमसीडी के 123 वार्ड में शराब के ठेके बिना अनुमति खोले जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फिर से सड़क पर उतरेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली प्रदेश भाजपा के ऑफिस में बुधवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता में दी गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली प्रदेश बीजेपी के महामंत्री कुलजीत चहल ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा घोटाले के खिलाफ 16 मार्च से भाजपा जन जागरण अभियान शुरू करेगी, जो 26 मार्च तक चलेगा। बिधूड़ी ने कहा कि पिछले 15 दिनों से भाजपा अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे को लेकर आंदोलन कर रही है। भाजपा शुरू से यह बात कहती रही है कि शराब घोटाले के मुख्य कर्ताधर्ता अरविंद केजरीवाल हैं।

### लोगों को बताएंगे....

= केजरीवाल सरकार द्वारा घोटाले के खिलाफ 16 मार्च से भाजपा जन जागरण अभियान शुरू करेगी

जिस कमेटी में इस नीति को मंजूरी दी गई, उसकी अध्यक्षता खुद केजरीवाल ने की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली एमसीडी के 123 वार्ड में शराब के ठेके खोलने को लेकर भी भाजपा प्रदर्शन करेगी। इस ठेके को खोलने की अनुमति नहीं दी गई थी। बिधूड़ी के अनुसार, देश का कानून दिल्ली सरकार को यह अनुमति नहीं देता कि शराब की बिक्री 10 बजे से बढ़ाकर 3 बजे तक कर दिया जाए, जबकि इसके लिए उन्हें दिल्ली पुलिस की अनुमति और एनओसी लेनी होगी, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री ने बिना अनुमति लिए इस समय को बढ़ा दिया।

# निर्माण कार्य के लिए दिल्ली-जयपुर हाईवे 90 दिन के लिए होगा बंद, ट्रायल शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निर्माण** कार्य के लिए एनएच-48 यानी दिल्ली-जयपुर हाईवे को 90 दिनों के लिए बंद करने के लिए ट्रायल शुरू कर दिया गया। सुबह 9.15 बजे दिल्ली से गुरुग्राम जाने वाल कैरिज वे को बंद कर दिया गया। इसी तरह शाम 4.30 बजे के करीब गुरुग्राम से दिल्ली हाईवे के कैरिज वे को बंद कर दिया गया था। इससे करीब 8 किमी जाम लग गया। जाम रजोकरी से पीछे जीजीआर फ्लाईओवर व वसंत विहार तक था। लोग दो से तीन घंट जाम में फंसे रहे। लोग सुबह से ही सोशल मीडिया व ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर गुस्सा उतारते रहे। वाहन धीरे-धीरे रेंगते रहे। जाम को देखने से लग रहा था कि लोगों ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सलाह पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ट्रायल से लोगों को ज्यादा



परेशानी नहीं हुई। पहले जहां आम दिनों में ट्रैफिक 13 से 15 मिनट डिले होता था, वहीं हाईवे बंद करने से ट्रैफिक के लिए 25 से 30 मिनट की देरी हुई। ऐसे में एनएच-48 को निर्माण कार्य के लिए अब बंद कर दिया गया है। ट्रायल के दौरान पता लगा है कि लोगों को हाइवे को बंद करने से ज्यादा परेशानी नहीं हुई। वाहन चलते रहे। पहले जहां स्पीड 60 से 70 किमी प्रतिघंटा थी वहीं अब स्पीड 15 से 20 किमी प्रतिघंटा हो गई है। ऐसे में अब हाइवे को निर्माण कार्य के लिए बंद दिया गया है। ट्रायल के लिए बंद किया गया हाईवे को अब खोला नहीं जाएगा।

**रंगपुरी से रजोकरी तक मार्ग 90 दिनों के लिए रहेगा बंदः** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार एनएचएआई भारत माला प्रोजेक्ट के तहत द्वारका एक्सप्रेस बना रही है। निर्माण द्वारका लिंक रोड पर एनएच-48पर शिवमूर्ति के पास होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत दो अंडरपास व एलिवेटेड सेक्शन बनाए जाएंगे।

## डीसीडब्ल्यू ने उड़ानों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में सिफारिशें कीं

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में उड़ानों में यात्रियों द्वारा दुर्व्यवहार की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। ऐसी घटनाएं यात्रियों के लिए बेहद अप्रिय और आघात पहुंचाने वाली हैं। डीसीडब्ल्यू ने इन घटनाओं का स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीसीए को एक नोटिस जारी कर उपरोक्त घटनाओं में उनके द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ ऐसे मामलों से निपटने के लिए एयरलाइनों को निकाय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का विवरण मांगा।

## 1.50 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल ने चार ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। उनके पास से कुल 311 ग्राम फाइन क्वालिटी की हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी बाजार में कीमत 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अब्दुल हामिद, जतिन, सुनीता और जसवंत कौर के रूप में हुई है। चारो दिल्ली के शिकारपुर जाफरपुर कलां, सुल्तानपुर और एनसीआर गुरुग्राम के रहने वाले हैं। डीसीपी ने बताया कि एसीपी ऑपरेशन रामअवतार की देखरेख में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने ड्रग्स तस्करों के गैंग के बारे में पता लगाया। यह जानकारी मिली थी कि वे लोग दिल्ली देहात के जाफरपुर कलां इलाके में आने वाले हैं, तब पुलिस टीम ने दो आरोपितों को दबोच लिया। इनकी पहचान अब्दुल हमीद और जतिन के रूप में की गई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि बरामद हेरोइन रावता मोड़ की रहने वाली महिला सुनीता से खरीदी थी।

### अरेस्ट

= कुल 311 ग्राम फाइन क्वालिटी की हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी बाजार में कीमत 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही

# एमसीडी नहीं करवा रही कुत्तों की नसबंदीः विजय गोयल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व केंद्रीय** मंत्री और भाजपा नेता विजय गोयल ने बुधवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया है। उनके साथ इस प्रदर्शन में दिल्ली के अलग-अलग जगहों से आए आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी शामिल हुए। गोयल ने कहा कि आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पार्कों में घूमना मुश्किल हो गया है। गलियों में कुत्ते काट रहे हैं और दिल्ली में विदेशी मेहमान भी अब दिल्ली में घूमने से घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक इलाके के एक-एक गली में 20-20 कुत्ते रहते हैं और लोग अपने घर का जूठा बचा हुआ खाना इन कुत्तों को डाल देते हैं, लेकिन वैसे इनकी कोई देखभाल भी नहीं करता। उन्होंने अभी 15 दिन पहले 28 फरवरी को दिल्ली के एलजी को पत्र लिखा, जिसमें दिल्ली में दिनों दिन बढ़ते कुत्तों के आतंक और आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हैदराबाद में एक चार साल के बच्चे को गली के कुत्तों ने मार दिया। एक 12 साल की लड़की को कुत्ते ने काट लिया। तीन दिन पहले वसंत कुंज में दो सगे भाइयों को आवारा कुत्तों ने नोच-नोच कर मार डाला। यह एक दर्दनाक घटना है, जिनके साथ यह हादसा हुआ है, उनके माता-पिता पर क्या बीत रही होगी? यह समझा जा सकता है कि आए दिन कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है।



गोयल ने बताया कि आज दिल्ली में आए दिन आवारा कुत्तों की वजह से आम लोगों को और खासकर छोटे बच्चों को निशाना बनाए जाने की कई घटनाएं सामने आ रही है। हाल फिलहाल में ही वसंत कुंज इलाके में हुई घटना ने दिल को झकझोर दिया है। ऐसे में हमको इस को लेकर कुछ उपाय और समाधान करने होंगे। उन्होंने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब तो एमसीडी में भी आप की सरकार है। कई महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक एमसीडी की तरफ से कोई भी विजन नहीं बनाया गया है। कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। दिन प्रतिदिन दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली सरकार या दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल भाग नहीं सकते, जो वादे उन्होंने किए थे, उन्हें उस पर काम करना चाहिए। सिर्फ दिखावा या बयानबाजी से काम नहीं चलता। अब इनके हाथ में एमसीडी भी है और दिल्ली सरकार के पास सभी डिपार्टमेंट भी है, तो फिर आवारा कुत्तों को क्यों नहीं पकड़ा जा रहा और इस पर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहा। गोयल ने कहा कि एक रिपोर्ट में उन्हें पता चला है कि आरएमएल अस्पताल में कुत्ते काटने के करीब 58000 केस सामने आए हैं। गोयल आगे एक और रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली में प्रतिदिन 100 से ज्यादा लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। ऐसे में सुबह सैर करने वाले लोग जिनमें विशेष रूप से बुजुर्गों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि वह जिस कुदसिया बाग में सवेरे टहलने जाते है, वहां 30 कुत्ते पहले से ही हैं और अभी तीन डॉग्स ने 21 बच्चों को जन्म दिया है। अब उनकी संख्या बढ़कर 50 हो गई है।

### आरोप

= गोयल ने कहा कि आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पार्कों में घूमना मुश्किल हो गया है

# चमत्कारः एम्स के डॉक्टरों ने की गर्भ में पल रहे बच्चे की सर्जरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** के गर्भ में पल रहे भ्रूण के दिल को महज 90 सेकंड में ठीक किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के कार्डियोथोरेसिक साइंसेज सेंटर में अंगूर के आकार के दिल का सफल बैलून डाइलेशन किया गया है। इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और प्रसूति एवं स्त्री रोग के भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने इस प्रक्रिया को सफल बनाया। इस प्रक्रिया के बाद मां और गर्भ में पल रहे बच्चे की स्थिति बेहतर है। भ्रूण चिकित्सा विभाग के साथ कार्डियोलॉजी और कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर भ्रूण की निगरानी कर रहे हैं। इस दौरान देखा जा रहा है कि भविष्य में भ्रूण के दिल के कक्ष का विकास सही से होगा या नहीं। डॉक्टरों का कहना है कि गर्भ में रहने के दौरान बच्चे में होने वाले गंभीर हृदय रोगों का निदान किया जा सकता है। गर्भ में इलाज से बच्चे का विकास जन्म के बाद बेहतर हो सकता है।



**यह थी समस्याः** डॉक्टरों का कहना है कि गर्भस्थ के दिल में यह एक अवरुद्ध वाल्व का गुब्बारा फैलाव है। इस प्रक्रिया को अल्ट्रासाउंड की मदद से की जाती है। इस प्रक्रिया में मां के पेट के माध्यम से बच्चे के दिल में एक सुई डाली गई। फिर गुब्बारे कैथेटर का उपयोग करके, रक्त प्रवाह में सुधार के लिए बाधित वाल्व को खोला गया। इस प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों का दावा है कि भ्रूण का दिल बेहतर विकसित होगा और जन्म के समय हृदय रोग कम गंभीर होगा। डॉक्टर ने कहा कि इस तरह की प्रक्रिया से भ्रूण के जीवन का खतरा हो सकता है। इसे अत्यधिक सावधानी के साथ किया जाता है। आम तौर पर एंजियोग्राफी के तहत ऐसी प्रक्रिया की जाती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं कर सकते थे। यहां सब कुछ अल्ट्रासाउंड मार्गदर्शन के तहत किया जाता है। इसे करने के लिए ज्यादा समय भी नहीं ले सकते थे, यदि समय ज्यादा लगता तो बच्चा मर सकता था। एम्स में कार्डियोथोरेसिक साइंसेज सेंटर की टीम के वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा यह प्रक्रिया महज 90 सेकंड में की गई।

**तीन बार हुआ था नुकसानः** एम्स में आई 28 वर्षीय गर्भवती महिला इससे पहले तीन बार गर्भपात हो चुका था। महिला अपने बच्चे को खोना नहीं चाहती थी। डॉक्टरों द्वारा बच्चे की हृदय की स्थिति के बारे में बताए जाने और परिणाम में सुधार की इच्छा के साथ प्रक्रिया के लिए सहमति देने के बाद माता-पिता वर्तमान गर्भावस्था को जारी रखना चाहते थे।

### बैलून डाइलेशन

= भ्रूण चिकित्सा विभाग के साथ कार्डियोलॉजी और कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर भ्रूण की निगरानी कर रहे हैं

## न्यूज फ्लैश

### दोस्त के घर के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर:** गांधी नगर गन्नौर में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मोटरसाइकिल मालिक विशाल की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशाल ने शिकायत में बताया कि 14 मार्च को अपने दोस्त से मिलने उनके घर गया था। उसने बताया कि मोटरसाइकिल को बाहर गली में खड़ी करके दोस्त के घर के अंदर चला गया। विशाल ने बताया कि उससे मिलकर कुछ देर के बाद जब बाहर आया उसकी मोटरसाईकिल वहां नही मिली। उन्होंने ने बताया कि मोटरसाइकिल को इधर उधर तलाश किया लेकिन कही पर भी मोटरसाइकिल का पता नही चल पाया। पुलिस ने विशाल कि शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी।

### एलएसकेबी एल्युमीनियम फ्वॉयल्स ने आहार मेला में लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** एलएसकेबी एल्युमिनियम फ्वॉयल्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत का पहला गोल्डन एम्बॉस्ड होमफ्वॉयल लॉन्च किया है। ये अभूतपूर्व प्रोडक्ट 37वें आहार अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और आतिथ्य मेले में पेश किए गए। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने एलएसकेबी स्टॉल, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में हाउस फ्वॉयल कैटेगरी में पेश नए प्रोडक्ट का अनावरण किया। लॉन्च के बाद मेहमानों को करिश्मा कपूर से मुलाकत एवं उनका स्वागत करने का अवसर मिला। साथ ही, प्रतियोगिता में भाग लेकर मजेदार उपहार जीतने का अवसर मिला जिसका आयोजन कंपनी ने किया था।

मेला 14 मार्च से शुरू है। पहले दिन मास्टरशेफ इंडिया सीजन 4 के फाइनलिस्ट आशीष सिंह ने एलएसकेबी स्टॉल की शोभा बढ़ाई। यह उम्मीद है कि मेले के बाकी तीन दिनों में सेलिब्रिटी शेफ जसप्रताप ह्यजस्सीह्ल बिंद्रा – एग्जीक्युटिव शेफ और मैनेजिंग पार्टनर, अमरीना– ह्यूस्टन, टेक्सस (यूएसए); रिपु दमन हांडा – भारत के पहले पुरुष मास्टरशेफ विजेता और नेहा दीपक शाह – मास्टरशेफ इंडिया सीजन 4 रनर अप का एलएसकेबी स्टॉल पर आगमन होगा। होमफ्वॉयल्स के लॉन्च के बारे में एलएसकेबी एल्युमिनियम फॉयल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुणाल बजाज ने कहा, भारत का पहला गोल्डन एम्बॉस्ड अल्ट्रा–प्रीमियम हाउस फ्वॉयल 37वें आहार मेले में लॉन्च करने पर हम बहुत उत्साहित हैं। होमफ्वॉयल इस कैटेगरी की दुनिया बदल देगा। उपभोक्ताओं को लंबे समय से इसका इंतजार था। आप प्रोडक्ट को छू कर और महसूस कर देखें। खुद कहेंगे कि पहले कभी ऐसा नहीं अनुभव किया। हमारे प्रोडक्ट विश्वस्तरीय तकनीक से स्वच्छ परिवेश में बनते हैं और इसके लिए हमारे परिसर में वेंटिलेशन की पूरी व्यवस्था है। इस तरह गुणवत्ता का प्रत्येक तत्व मिलने की गारंटी है। हम जल्द ही बी2सी सेगमेंट को बहुत आकर्षक बनाने जा रहे हैं।

एलएसकेबी एल्युमिनियम फ्वॉयल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लॉन्च 1 किलो और 555 ग्राम गोल्डन और सिल्वर एम्बॉस्ड होमफ्वॉयल्स की मोटाई 18 माइक्रोन है और 75 मीटर, 25 मीटर और 9 मीटर की मोटाई 12 माइक्रोन है। ये प्रोडक्ट इनोवेटिव टेक्नोलॉजी से स्वच्छ परिवेश में बनते हैं जो सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल और अच्छी तरह वेंटिलेटेड हैं। इसमें हाइजीन का पूरा ध्यान रखा जाता है। इस पैकेज में एक फ्वॉयल कटर भी है ताकि फ्वॉयल काटने का काम सुरक्षित हो। एलएसकेबी एल्युमिनियम फ्वॉयल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक लक्ष्य सिंघल कहते हैं, ह्यहमारा लक्ष्य इस कैटेगरी को संगठित बाजार में बदलने का है। यह कैटेगरी मोटे तौर पर असंगठित है जिसका मूल्यवर्धन नहीं हुआ है। हम इस ठहराव को दूर करना चाहते हैं और होमफ्वॉयल्स गोल्डन एम्बॉस्ड फ्वॉयल इस दिशा में पहला कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रोडक्ट उपभोक्ताओं को पसंद आएगा। हम यह भी चाहते हैं कि ऐसे कई प्रोडक्ट लॉन्च कर इस कैटेगरी से ग्राहकों की उम्मीदें बढ़ा दें। हम कह सकते हैं कि इस कैटेगरी के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है।

### बायजूस के छात्र नैतिक गुप्ता ने एनएसईजेएस स्टेज-2 एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 196 हासिल की

**हिसार।** हिसार, हरियाणा के एक 15 वर्षीय छात्र नैतिक गुप्ता ने नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन जूनियर साइंस स्टेज –2 परीक्षा में 196 की नेशनल रैंक हासिल करके अपने माता–पिता को गौरवान्वित किया है – एक प्रतिष्ठित इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा आयोजित बेसिक साइंसेज में फैलोशिप का राष्ट्रीय कार्यक्रम है । शुरू से ही मेधावी छात्र नैतिक ने हमेशा एक शोधकर्ता बनने का सपना देखा था। नैतिक की प्रभावशाली उपलब्धि और भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने इस परीक्षा में पूरे भारत के लगभग 1 लाख छात्रों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की थी!

पैलेडियम स्कूल, हिसार, हरियाणा का छात्र नैतिक हमेशा साइंस और टेक्नोलॉजी के प्रति जुनूनी रहा है और अंतरिक्ष में बदलाव लाने का सपना देखता है। विषयों के लिए अपने जुनून और अपने समर्पण के साथ, वह व्यक्तिगत ध्यान, इंटरएक्टिव क्लासेस, और बायजूस से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री तक पहुंच का श्रेय देते हैं, जिसमें उन्हें अकादमिक रूप से ट्रैक पर और चीजों के शीर्ष पर रखने के लिए 6 वीं कक्षा से नामांकित किया गया है। उन्हें यह भी लगता है कि बायजूस ट्यूशन सेंटर में दाखिला लेने का उनका हालिया निर्णय, जिसने उन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह के शिक्षकों तक पहुंच प्रदान की, जिन्होंने उनके संदेह दूर करने, नियमित परीक्षण/अभ्यास सत्र देने और प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उनके साथ जुड़ने की अनुमति दी और प्रभावशाली रैंक हासिल करने में उनकी मदद की।

उसके आश्चर्यजनक परिणामों पर बात करते हुए, नैतिक के पिता राजीव कुमार ने कहा, "वह हमेशा एक मेहनती छात्र रहा है और बायजूस ट्यूशन सेंटर के साथ वह न केवल (एन एस ई जे एस ) स्टेज –2 परीक्षा के लिए अपनी तैयारी को मजबूत कर सका, बल्कि अपने देश के लिए कुछ करने का उसका बड़ा लक्ष्य भी था। मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं।

# भाजपा के 8 साल के शासन में सभी वर्ग खुश : नवीन

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने लडरावन गांव में किया ग्राम वासियों से संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। भारतीय जनता** पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने हलके के गांव लडरावन में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से संवाद किया तथा हरियाणा व केंद्र सरकार की कल्याणकारी व जनहितैषी नीतियों की जानकारी दी। लडरावन गांव पहुँचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी का ग्रामवासियों ने स्वागत किया व बहादुरगढ़ हलके की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। ग्रामवासियों से बातचीत करते हुए नवीन बंटी ने हरियाणा की बीजेपी सरकार के 8 साल के शासनकाल को सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बताते हुए



कहा कि बीते 8 वर्षों में प्रदेश सरकार ने हर वर्ग की खुशहाली के लिए काम किया और कई कल्याणकारी योजनाएं बनाकर धरातल पर लागू की गई जिसकी जनता आज सराहना कर रही है। नवीन बंटी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में केवल घोषणाएं ही होती थी मगर हरियाणा की बीजेपी सरकार ने घोषणाओं पर अमल करते हुए प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के कराए हैं जिससे सभी वर्ग खुशहाल है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने हरियाणा में भाई भतीजावाद की राजनीति पर अंकुश लगाने का काम किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने लोगों से संवाद करते हुए बताया कि बीजेपी सरकार ने सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता अपनाते हुए बिना खर्ची व पर्ची के रोजगार देने का काम किया है। हरियाणा का सभी वर्ग आज बीजेपी सरकार की कार्यप्रणाली से खुश है इसको देखते हुए यह तय है कि 2024 में हरियाणा व केंद्र में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और जीत की हैट्रिक लगाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। नवीन बंटी ने विपक्षी दलों की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्षी बीजेपी सरकार की लोकप्रियता से घबरा गए हैं और अनाप-शनाप बयानबाजी कर जनता को बरगलाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। नवीन बंटी ने कहा कि हरियाणा व केंद्र की बीजेपी सरकार के हाथों में किसान, व्यापारी, मजदूर, कमेरे, छोटा दुकानदार, युवा, ग्रहणी सहित सभी वर्गों के हित सुरक्षित है। इस अवसर पर रणबीर सिंह, नवीन, राजपाल, संजय, नीरज, सुरेंद्र, विजयपाल, उमेद सिंह, जसबीर सिंह, सुरजे, महासिंह, मनफूल, ओमबीर, श्रीओम, राज सिंह, बिजेंद्र, रणबीर, पवन कुमार, काला, शीशपाल, हरिओम, डॉक्टर धर्मवीर सहित काफी संख्या में लडरावन गांव के निवासी मौजूद रहे।

# 'गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करें'

## डीसी सुशील सारवान ने आगामी गर्मी के मौसम में गर्मी से बचाव के प्रबंधों बारे संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत उपायुक्त** सुशील सारवान ने कहा दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ने से तापमान में निरन्तर बढ़ोतरी हो रही है, जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें,ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके।

उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आगामी गर्मी के मौसम में हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर मुख्य सचिव संजीव कौशल की वीसी के उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे । डीसी ने कहा कि सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। डीसी ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ गर्मी व हीट वेव का रबी फसलों की उपज पर प्रभाव सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए किसानों के लिए एडवाइजरी जारी करने व ग्रीष्मकालीन फसलों पर मौसम की स्थिति के प्रभाव को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों बारे जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गेहूं और सरसों फसल की बिक्री के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के टोकन जारी किए जाएंगे। सुशील सारवान ने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत, पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित किया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ओआरएस व अन्य जरूरी दवाओं की आपूर्ति की पूर्व स्थिति का अवलोकन करें। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिजली कटौती के दौरान पावर बैक अप का प्रावधान करने के निर्देश दिए।

## पानीपत की न्यू टाउनशिप क्लब के सचिव बने भाजपा नेता नवीन भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भाजपा** नेता एवं उद्योगपति नवीन भाटिया शहर के माडल टाउन स्थित प्रतिष्ठित न्यू टाउनशिप क्लब के दोबारा से निर्विरोध सचिव चुने गये है। क्लब के चार पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर चार ही लोगों ने अपना नामांकन किया और शाम 5 बजे तक नामांकन का इंतजार किया गया। उसके उपरांत मंगलवार देर शाम को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने न्यू टाउनशिप क्लब के चारो पदाधिकारियों की जीत की घोषणा की। जिसमें नवीन भाटिया सचिव, धीरज मिगलानी संयुक्त सचिव, राजेश रहलन को उपप्रधान और राजेश गुप्ता वित सचिव चुने गये। वहीं चुनाव अधिकारी जेएस चौधरी ने बताया कि सभी चारों पदों के लिये एक-एक ही नामांकन हुआ है। वहीं दोबारा से सचिव चुने गये नवीन भाटिया ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से क्लब के हित में काम करेंगे।

# लोनी नगर में इंपीरियल सर्विस डेवलपमेंट सोसाइटी ने चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/लोनी नगर**

**लोनी** नगर समेत कई इलाकों में इंपीरियल सर्विस डेवलपमेंट सोसाइटी ने ओएनजीसी सीएसआर के साथ मिलकर पचायरा गांव में महिलाओं के लिए माहवारी स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया। इसमें महिलाओं एवं युवतियों को निशुल्क 800 सेनेटरी पैड बांटे गए। शिविर में ग्राम प्रधान वर्षा चौहान ने कहा कि महावरी स्वच्छता पर किए गए इस सर्वे से पता चला है कि क्षेत्र में आज भी 40% महिलाएं कपड़े का प्रयोग कर रही हैं और 30% महिलाएं प्रयोग ही नहीं कर रही। माहवारी के



महिलाए समाज में कई तरह की उपेक्षाओं का शिकार होती हैं, इस वजह से कुछ महिलाएं अभी भी सेनेटरी पैड लेने में असहज महसूस करती है। संस्था के अध्यक्ष गिरीश कबडवाल ने बताया कि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था ने क्षेत्र में 4 माह तक के लिए सेनेटरी पैड निशुल्क वितरण किए हैं, और उन्हें समय-समय पर क्षेत्र में निशुल्क जागरूकता अभियान शिविर लगायेगी।

# मेयर निखिल मदान ने किया आदर्श नगर का दौरा

## क्षेत्रवासियों ने सीसीकी गलियों के लिए मेयर का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बुधवार** सुबह मेयर निखिल मदान वार्ड नं 3 के आदर्श नगर की सहारा बैंक वाली गली में पहुँचे और सीवरेज लाइन से संबंधित समस्या का जायजा लिया। स्थानीय निवासी हरेंद्र राठी ने बताया कि गलियों को पक्का किये जाने के दौरान क्षेत्र की सीवरेज लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी थी जिसके चलते सीवरेज का दूषित पानी गलियों में बह रहा था। इसके चलते आम जन को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उपरोक्त समस्या को लेकर स्थानीय निवासी मेयर निखिल मदान से मिले थे।

समस्या के संज्ञान में आने के बाद मेयर निखिल मदान संबंधित निगम



अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे और उन्होंने कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी एवं एस डी ओ नरेंद्र कुमार को तुरंत प्रभाव से क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन को बदलने के आदेश दिए।

वहीँ मौके पर मौजूद लोगों ने आदर्श नगर की सभी गलियों को सी सी से पक्का करवाने के लिए मेयर निखिल मदान एवं नगर निगम का आभार जताया। मौके पर हरेंद्र राठी, जय नारायण ,श्री भगवान,दया नन्द ,बलवान सिंह,अजय कुमार,राजेश कौशिक,जगदीश मोर,आजाद सिंह,अंकित,पपनेश,राजपाल, आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरुग्राम के हर वार्ड में बीजेपी की लहर: यशपाल

## प्रताप नगर वासियों ने यशपाल बतरा का किया जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम**

**आगामी** नगर निगम चुनाव में माहौल भाजपा के पक्ष में बना हुआ है। शहर के हर वार्ड में बीजेपी की लहर है। जनता ने इस बार फिर से भाजपा का मेयर और पार्षद चुनने का मन बना लिया है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रताप नगर में कही। श्री बतरा ने कहा कि गुरुग्राम की जनता भी समझ चुकी है



कि शहर का चहुंमुखी विकास भाजपा शासन में ही संभव है।

जनसंपर्क अभियान के तहत पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा प्रताप नगर पहुंचे। इस मौके पर सौरभ चंद, वीरेंद्र कुमार, चंद्र मोहन, मोहन लाल, बाल किशन, खुशाल चंद, महिंदर कुमार, गोपाल वर्मा, मनोज वर्मा, अशोक गांधी समेत अनेक प्रबुद्ध लोगों ने उनका स्वागत किया और आने वाले नगर निगम चुनाव में भाजपा का मेयर और पार्षद को अपने वार्ड से बहुमत से जीताकर निगम भेजने का आश्वासन दिया।

यशपाल बतरा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में गुरुग्राम में काफी तरक्की हुई है। आज गुरुग्राम विश्व स्तरीय शहरों की श्रेणी में शुमार है। गुरुग्राम के विकास की गति बनी रहे इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के आठ सालों के शासनकाल में शहर की चमचमाती सड़कें, फ्लाईओवर, अंडर पास हर चौक चौराहें पर बनें है ताकि लोगों को जाम का सामना नहीं करना पड़ें।

## महिला एसएचओ ने शहर कपड़ा मार्केट से अतिक्रमण हटाया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**लाख** प्रयासो के बाद भी आज तक जिला प्रशासन शहर की कपड़ा मार्केट में जाम व अतिक्रमण की समस्या का समाधान नहीं कर पाया है। समय समय पर कपड़ा मार्केट में अभियान चलते रहते हैं, लेकिन उसके बाद फिर से कब्जे व जाम की स्थिति पहले जैसी बन जाती है। आज इसी कड़ी में महिला थाना प्रभारी सुरेंद्र कौर (97299-90165) व उनकी टीम ने कपड़ा मार्केट में अवैध अतिक्रमण को लेकर कपड़ा मार्केट में पेट्रोलिंग की। इस दौरान एसएचओ ने कपड़ा मार्केट में दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे दुकानो के बाहर अपना सामान न रखें। ऐसा करने से न केवल कपड़ा मार्केट की मेन सड़क तंग हो जाती है, बल्कि यहां पूरा दिन जाम लगा रहता है। बस स्टैंड व सिटी पार्क के पास भी दुकानदारो ने अतिक्रमण किया हुआ है। यहां भी पूरा दिन यातायात की स्थिति खराब रहती है।

# 17 साल बाद जगी इंसाफ की उम्मीद, 2005 में हुआ था प्लाट का सौदा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

**छावनी** के न्यू प्रीत नगर निवासी पवन कुमार से प्लाट की खरीद फरोख्त में 6 लाख रुपए ठग लिये। इस सबंध में पवन कुमार ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इनमें से एक आरोपी की मौत हो चुकी है। पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव सरसेहड़ी में अनिल कुमार से पूरी पेमेंट देकर 100 गज का प्लाट खरीदने का इकरार किया था, जोकि उसके द्वारा विक्रय पत्र पर 28 जनवरी 2005 को कबीर नगर निवासी सुरेंद्र कुमार वर्मा उर्फ फोरमैन से खरीद किया हुआ था। जब वह उसके प्लाट पर मकान बनाने गया तो फोरमैन ने रोक दिया। आरोपी ने उसका प्लाट किसी और को बेच दिया, लेकिन आरोपी ने कहा था कि वह साथ वाला प्लाट देगा या फिर सारी पेमेंट वापस लौटा देगा। आरोपी द्वारा दिए चेक भी बाउंस हो गए।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने आरोपी के खिलाफ 9 फरवरी 2022 को शिकायत सौंपी थी। पुलिस द्वारा संज्ञान लेने पर आरोपी फोरमैन ने 4 नवंबर 2022 को जांच अधिकारी के समक्ष प्लाट दिखाया था और कहा कि वह मौके पर खड़ा होकर दीवार बनाकर देगा। वह 28 नवंबर को सामान लेकर पहुंचा तो पता चला कि फोरमैन की 16 नवंबर 2022 की रात को मौत हो गई।

# व्यस्त जिंदगी से कुछ समय निकालकर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**शहर** के कोट मोहल्ला में स्थित शीतला माता पर भजन कीर्तन के साथ दूसरा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। मां का दर्शन के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी ने शिरकत की। उन्होंने शीतला माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की और लोगों को प्रसाद वितरित किया। इससे पहले आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समापन पर माता



रानी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान देवेंद्र कादियान ने कहा कि हमें अपनी व्यस्त जिंदगी से कुछ समय निकालकर धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इससे आपसी भाईचारे के साथ-साथ प्रेम की भावना भी बढ़ती है। शहर के सभी वर्ग के लोग मंदिर आकर पूजा करते है, इसलिए हमें अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में दान करना चाहिए। इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम से मन को शांति मिलती है। कादियान ने कहा कि धार्मिक व सामाजिक व समाज हित में होने वाले जनहित के कार्यों में हम सभी को अपनी तरफ से यथासंभव सहयोग देकर मानवता का धर्म निभाना चाहिए। कमेटी के पदाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि शीतला माता के मंदिर का सौंदर्यीकरण करने के साथ ही भजन कीर्तन कर विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारा देर शाम तक चलता रहा।

## रिफ्यूजी, शरणार्थी या पाकिस्तानी कहने पर हो रोक: सचदेवा

**अम्बाला (मनीष कुमार)**

**खत्री/अरोड़वंश समाज, जिसकी** पंजाबी भाषा है, द्वारा उन्हें रिफ्यूजी, शरणार्थी या पाकिस्तानी कहने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए मांग की जाने लगी है कि इस स्वाभिमानी तथा राष्ट्र भक्त समाज के प्रति घृणित शब्दावली का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एस सी,एस टी एक्ट की तरह कानून बनाया जाये। अपनी इस उचित मांग को लेकर समस्त पंजाबी खत्री समाज के राष्ट्रीय संयोजक, विद्वान शिक्षाविद् डा सर्वदानंद आर्य पूर्व उपकुलपति हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुशल नेतृत्व में समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राज्य के सभी राज्यसभा,लोकसभा सांसदों व विधायकों ने ज्ञापन देने का सिलसिला जारी कर दिया है।

# कार्यकारिणी के सदस्य ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा व उनकी पत्नी का किया स्वागत

## संघ की राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा सघं कार्यालय मे आयोजित की गई थी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद नेहरा व उसके सहयोगियों ने नेशनल हाईवे 44 चोखी ढाणी के पास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनकी पत्नी मलाईका जे पी नड्डा का बुके देकर स्वागत किया। नेहरा ने बताया कि पानीपत जिले के समालखा उपमंडल के गांव पट्टी कल्याणा में चल रहे आर .एस .एस की राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा सघं कार्यालय माधव भवन मे आयोजित की गई थी। उन्होंने



बताया कि हमने नड्डा से मिलने की इच्छा जताई तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी स्वीकृती दी। जीटी रोड पर पहुंचने पर नेहरा व उसकी टीम ने नड्डा को बुका देकर उनकी धर्मपत्नी मलाईका नड्डा का शाल द्वारा स्वागत करने का सौभाग्य मिला।

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने पूर्व सीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया अम्बाला छावनी ( मनीष कुमार) परिचालक पे** ग्रेड संघ्रर्ष समिति ने अम्बाला में प्रदर्शन के बाद आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को रोहतक में ज्ञापन सौंपा।

परिचालक समिति के सदस्या रमन अग्रवाल ने कहा कि लंबित मांगो को लेकर लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है। 10 मार्च को अम्बाला के जीएम को भी ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें कहा गया था कि रोडवेज के परिचालको को 1900 रूपए पे ग्रेड दिया जा रहा है। जबकि उन्हे 4200 पे ग्रेड दिया जाना है।भूपेंद्र हुड्डा साहब ने आश्वासन दिया के उनके पे ग्रेड के मुद्दे को विधानसभा में उठाया



जाएगा और साथ में बीवी बत्रा की जिम्मेवारी भी लगाई की परिचालक पे ग्रेड के मुद्दे को भी विधानसभा में उठाएंगे अगर सरकार लागू करती है तो ठीक है वरना आने वाले समय में हमारी सरकार आते ही आपके वेतन बढ़ोतरी का कार्य करेगी इस मौके पर उन्होंने संघर्ष समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि आपके कार्य के अनुरूप आपका मानदेय बढ़ाना चाहिए इस मौके पर परिचालक पे ग्रेड संघर्ष समिति के सदस्य जगदीप लाठर कुलबीर खोकर रमन सैनी मनजीत सिंह संदीप रंगा विशाल रावल अशोक खोखर अजय सिंह मोहन रोहिल्ला सोमपाल तवर सुनील पूनिया हंसराज यादव सत प्रकाश सांगवान आजाद सिंह और उनके साथ अन्य सैकड़ों साथियों ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि व अपनी मांगो को लेकर लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे है। लेकिन सरकार ने उनकी मांगो की ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया। उन्होनें कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांगे नहीं मानी गई तो संघर्ष और अधिक तेज होगा। तथा प्रदेश स्तर पर एक बड़ा आदोलन चलाया जाएगा।

# विशाल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का हुआ शुभारंभ





### कथा का आयोजन...

= मुख्य अतिथि प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी ने विधिवत पूजा अर्चना कर साध्वी ऋतंभरा का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

= राम कथा में साध्वी ऋतंभरा ने अपने मुखारविंद से गुरु महिमा व श्री राम नाम की महिमा का गुणगान किया।





**२२२टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विश्व हिंदू** परिषद नरेला जिला द्वारा आयोजित सात दिवसीय रामकथा का विशाल कलश यात्रा के साथ वीरवार को शुभारंभ हो गया। बैंड बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से निकली कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़कर सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी।

विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा आयोजित हिंदू नववर्ष महोत्सव का आयोजन नरेला के रामलीला ग्राउंड में 15 से 22 मार्च तक किया जा रहा है। बुधवार को निकाली गई विशाल कलश यात्रा के साथ हिंदू नववर्ष महोत्सव का शुभारंभ हो गया।

**कलश यात्रा और भंडारे का हुआ आयोजनः** हिंदू नववर्ष महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय रामकथा से पूर्व विशाल कलश यात्रा व भंडारे का आयोजन किया गया।

कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़कर कलश और नारियल धारण कर जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखा। लोगों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। विशाल कलश यात्रा बैंड बाजे ढोल नगाड़ों के साथ सुबह 10 बजे से आरंभ होकर नरेला के विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल रामलीला ग्राउंड पर पहुंची।

**विशाल भंडारे का हुआ आयोजनः** कलश यात्रा के संपन्न होने पर कथा स्थल पर ही विशेष तौर पर बनाई गई माता सीता रसोई में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**दिव्य राम कथा का शुभारंभः** भंडारे पश्चात सात दिवसीय दिव्य श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी ने विधिवत पूजा अर्चना कर साध्वी ऋतंभरा का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राम कथा में साध्वी ऋतंभरा ने अपने मुखारविंद से गुरु महिमा व श्री राम नाम की महिमा का गुणगान किया।

उन्होंने कहा कि श्री राम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति हैं। और श्री राम कथा का श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है।

विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल ने कथा स्थल की जानकारी देते हुए बताया कि कथा स्थल के लिए विशेष पंडाल बनाया गया है। इस पंडाल को कई खंडों में विभाजित किया है। महिला और पुरुषों के लिए प्रथक-प्रथक बैठने की व्यवस्था है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रक्तदान का हमारे जीवन में है विशेष महत्वः ज्योति सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शालीमार बाग** मंडल की पूर्व मंत्री व समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद की सहायता करनी चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले



और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल

**सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए और सत्य का साथ देना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती हैः सैनी**

पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ तौर पर अपनी फिटनेस पर दिख सकता है।

उन्होंने आगे बताया कि ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर-पूर्वी** के गोकलपुरी स्थित गंगा विहार में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठा युवा संगठन संस्थापक मोहित कुमार भारतीय, संगठन सदस्य इकरा, अनुराधा शर्मा, लक्ष्मी, भावना उपस्थित रहे।

मोहित कुमार ने विश्व उपभोक्ता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि 15 मार्च को हम विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मानते हैं और 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य उपभोक्ताओं में जागरूकता



फैलाना है और उनके हितों की रक्षा एवं उन्हें विभिन्न प्रकार के शोषण से बचाना है हर व्यक्ति चाहता है कि उसने जितने रुपए दिये हैं उसको उसकी कीमत की पूरी वस्तु मिलनी चाहिए लेकिन ऐसा नही होता है हर व्यक्ति को पूरा अधिकार है कि वह जो वस्तु खरीद रहा है उसके बारे में सारी जानकारी मिलनी चाहिए जो सामान अथवा सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, के बारे में जानकारी का अधिकार, हमे होना ताकि उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार पद्धतियों से बचाया जा सके कई बार उपभोक्ता परेशान होते हैं लेकिन उन्हें जानकारी नहीं होती है कि वह कहां और किन मामलों में शिकायत करें। ऐसे में उपभोक्ता अगर कोई सामान खरीदता है और राशि 20 लाख रुपए से कम है तो जिला फोरम में शिकायत कर सकता है। यदि यह राशि 20 लाख रुपए से अधिक लेकिन एक करोड़ रुपए से कम है तो राज्य आयोग के समक्ष तहत कर सकता है और यदि एक करोड़ रुपए अधिक है तो राष्ट्रीय आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकता है। अनुराधा ने कहाँ जहां तक संभव हो उचित मूल्यों पर भी मोल भाव करे तथा कब सामान पैक किया हैं।



जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक की गली में विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा पानी की पाईपलाइन का कार्य शुरू करवाने का उद्घाटन करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा, लखमी पाल, अनुज सिंह व अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी।

# भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखायाः देवराज कोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जिला केशवपुरम** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवराज कोली ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य कर रही है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में रहने वाला व्यक्ति भाजपा के कार्यों से खुश है और भाजपा के कार्यों की सराहना कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हो रहे है, जिस कारण है आज दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।



उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में साफ पानी न आने की वजह से वहां की जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफत पानी दे रहे है।



पूर्वांचल न्याय मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष डा. राधेश्याम यादव एवं सचिव बृजेश यादव दिल्ली सरकार समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आन्नद एवं ओ.बी.सी. चेयरमैन जगदीश यादव के साथ एक विशेष कार्यक्रम के दौरान।

# ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बने रमेश ढिकाऊ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रमेश ढिकाऊ** के कार्यों को देखते हुए ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने रमेश ढिकाऊ को हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि आज रमेश जी के कार्यों को देखते हुए उन्हें हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्ति किया जाता है। आशा है कि रमेश ढिकाऊ बड़ा ही अच्छा कार्य करेगें। राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने फ्रंट के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि फ्रंट के द्वारा समाज को जागरूक व संगठित करने का कार्य किया जा रहा है,



ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग जागरूक हो सके। उन्होंने आगे बताया कि अगर समाज का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमारे



संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश समर्पित, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम रतन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपक बग्गा, दिनेश जगदीश के अलावा बबल पहलवान भिवानी, दयानन्द, ढिकाव भिवानी, अशोक कुमार, अनिल कांगडा भिवानी, डॉक्टर विनोद, सज्जन बागडी, संजय बिडलान, मुकेश कुमार, मा. संजय चिहवाल, निटू गोडाला, संजीव कुमार, मास्टर विजेन्द्र, आसू भाई, प्रदीप उर्फ काके, अजय भाई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मिली जिम्मेवारी...

= रमेश ढिकाऊ ने कहा कि आज जो मुझे जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है, उसे मैं पूरा करके दिखाऊगां और संगठन को आगे लेकर जाऊंगा

= फ्रंट के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई।

इस दौरान फ्रंट की टीम ने रमेश ढिकाऊ को नियुक्ति पत्र दिया व फ्रंट का कलैण्डर व डायरी देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मौजूद समाज के कई लोगों ने हरियाणा के नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी। इस अवसर रमेश ढिकाऊ ने कहा कि आज जो मुझे जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है, उसे मैं पूरा करके दिखाऊगां और संगठन को आगे लेकर जाऊंगा

# नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कर्ण पार्क का किया निरीक्षण

## पार्क का भ्रमण कर इसकी उचित मेन्टेनेन्स बनाए रखने को लेकर एक्सईएन बागवानी को दिए निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को शहर के मुख्य पार्कों में से एक, कर्ण पार्क का निरीक्षण किया। पार्क का भ्रमण कर उन्होंने बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले, फुटपाथ, बोलार्ड लाईटें, हाई मास्ट लाईट, घास, पेड़-पौधे तथा पार्क की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और इस दौरान पाया गया कि कुछ चीजों की मेन्टेनेन्स बनी रहनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने कार्यकारी अभियंता (बागवानी) नरेश त्यागी को निर्देश दिए कि वे पार्ककी रेगूलर विजिट करें और जहां भी मेन्टेनेन्स की जरूरत दिखाई दे, उसे ठीक करवाएं। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र व स्टेट टास्क फोर्स के सदस्य पवन शर्मा भी मौजूद थे।

निगमायुक्त ने पार्क में मौजूद म्यूजिकल फाउंटेन का भी निरीक्षण किया और कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा को निर्देश दिए कि इसके संचालन और रख-रखाव का टैण्डर जल्द लगाया जाए, ताकि यहां सैट-सपाटे के लिए आए लोग फव्वारे से निकलने वाली जैट्स यानि धाराओं का संगीत के साथ आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि अभी पतझड़ का मौसम भी चल रहा, जिससे पेड़ों के पत्ते लगातार गिरते रहते हैं। इसे देखते पार्क की नियमित साफ-सफाई करवाने के एक्सईएन बागवानी को निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि कर्ण पार्क के अतिरिक्त कर्ण ताल व स्वामी विवेकानंद पार्क जैसे बड़े पार्कों की मुकम्मल साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, इनका किसी भी समय निरीक्षण किया जा सकता है।



शहर में पार्कों के रख-रखाव के लिए बनाए गए हैं 3 जोन- निगमायुक्त ने बताया कि शहर में पार्कों के उचित रख-रखाव के लिए तीन जोन बनाए गए हैं। जोन-1 में वार्ड नम्बर- 7, 8 व 10 के पार्कों को लिया गया है, जोन-2 में वार्ड नम्बर-9 के पार्क तथा जोन-3 में वार्ड 11 से 20 के पार्क लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जोन-1 व 2 के पार्कों के संचालन व रख-रखाव का टैण्डर लगाकर एजेंसी को एक वर्ष के लिए वर्क अलॉट किया जा चुका है और उनकी उचित मेन्टेनेन्स हो रही है, जबकि जोन-3 के पार्कों की मेन्टेनेन्स के लिए चौथी बार टैण्डर लगाया गया है।
बता दें कि जोन 1 में करीब 65 मौजूद पार्क हैं, इनकी मेन्टेनेन्स पर नगर निगम अनुमानित 57 लाख रुपए की राशि खर्च करेगा। जोन-2 में करीब 67 पार्क विद्यमान हैं, इनकी मेन्टेनेन्स पर अनुमानित 64 लाख रुपए तथा जोन-3 में करीब 47 पार्क हैं, जिन पर अनुमानित 40 लाख रुपए की राशि नगर निगम द्वारा वहन की जाएगी। निगमायुक्त ने एक्सईएन बागवानी को निर्देशित किया कि जोन-3 के पार्कों की मेन्टेनेन्स का कार्य निजी एजेंसी को अलॉट होने तक, वह अपने मालियों/कर्मचारियों ने इनकी देखरेख करवाएं, ताकि नागरिकों को पार्कों में असुविधा न हो।
सैंट्रल वर्ज की मेन्टेनेन्स का टैण्डर खुला- निगमायुक्त ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर करीब 12 किलोमीटर की सैंट्रल वर्ज मौजूद है। नगर निगम द्वारा इनकी मेन्टेनेन्स का टैण्डर लगाया गया था, जिसकी टैक्नीकल बिड खुल चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात फाईनेंशियल बिड खोली जाएगी और फिर नियमों पर खरा उतरने वाली एजेंसी को मेन्टेनेन्स का वर्क ऑर्डर दिया जाएगा। इनके संचालन और रख-रखाव पर नगर निगम अनुमानित 38 लाख रुपए की राशि खर्च करेगा। निगमायुक्त ने एक्सईएन बागवानी को निर्देश दिए कि शहर में मौजूद सभी सैंट्रल वर्ज पर हरियाली रहनी चाहिए। इन पर वर्षभर हरे-भरे रहने वाले फूल-पौधे लगाए जाएं तथा उचित जगह हो तो ट्री गार्ड में पेड़-पौधे भी लगा सकते हैं।

# जिला कारागार में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीजेएम** सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में 6 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 6 केसों में 6 के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया। सीजेएम ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल के द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने महिला कैदियों के बैरक में जाकर सभी महिला कैदियों से वातालर्लाप की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है, तो वह अधीक्षक जिला कारागार करनाल के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये 00000 से कम है ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। जेल लोक अदालत में अधीक्षक जिला जेल अमित भादू, उप अधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित रही। अधीक्षक जिला जेल ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### गौ सेवा से बड़ी कोई दूसरी सेवा नहीं है : जयभगवान



**राई: बाबा** कलीनाथ गऊशाला मुरथल में गायों के लिए नए भवन का शिलान्यास राई हलके के समाजसेवी जयभगवान आंतिल ने गऊशाला समिति के सदस्यों के सहयोग से रखी। गऊशाला में पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों ने आंतिल का फलमालाओं से स्वागत किया। जयभगवान आंतिल ने गायों की सेवा के लिए अपनी तरफ से नए भवन के निर्माण के लिए 1 लाख 1 हजार रुपएं की राशि दान में दी। इससे पहले उन्होंने गायों की सेवा के लिए 1 लाख 51 हजार रुपएं की राशि दान में दी थी। समाजसेवी जयभगवान आंतिल ने भूमि पूजन के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गोसेवा से बड़ी कोई दूसरी सेवा नहीं है। हमें अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा निकालकर गोसेवा के लिए अवश्य दान करना चाहिए। गौसेवा के लिए दान देने से धन नहीं घटता, बल्कि घर में समृद्धि आती है। गोसेवा से मनुष्य को 33 कोटि देवी देवताओं की पूजा के समान फल प्राप्त होता है, इसलिए हमें हमेशा ही गोमाता की सेवा करनी चाहिए।

### गुरुग्राम के ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में फ्यूचरबॉट्स एक्सहिबिशन से रोबोटिक्स की जीवंत दुनिया का हुआ प्रदर्शन

**गुरुग्राम :** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56 के छात्रों ने आज स्कूल परिसर में आयोजित 'फ्यूचरबॉट्स – वर्ल्ड ऑफ रोबोटिक्स' एक्सहिबिशन के दौरान अपने इनोवेटिव रोबोटिक आइडियाज को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एसीपी डॉ कविता – पूर्वी गुरुग्राम, महिला पुलिस सेल और श्री रमन मलिक, सदस्य और प्रवक्ता (हरियाणा), भाजपा द्वारा किया गया था। फ्यूचरबॉट्स एक्सहिबिशन किंडरगार्टन से नौवीं कक्षा तक के छात्रों के एक्सेम्पलरी आइडियाज और इनोवेशन का गवाह बना, जिन्होंने अपने मॉडल के आज के समय में इसकी महत्ता पर मेहमानों और अभिभावकों के साथ इसका प्रदर्शन किया और उपयोगिता साझा किया। इस एक्सहिबिशन में एक रोबोट, एक इन्वेन्टिव ट्रैफिक लाइट, एक बैटरी से चलने वाली एलईडी, स्वचालित स्ट्रीट लाइट, एक एलईडी को नियंत्रित करने के लिए एक एलडीआर, एक स्वचालित डोर लॉक, एक ज़िगजैग वायर गेम, और कई अन्य मॉडल शामिल थे। एक्सहिबिशन में आये हुए गेस्ट छात्र–छात्राओं की प्रतिभा देखकर चकित रह गए। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में रोबोटिक्स पाठ्यक्रम को पूरी बारीकी से डिजाइन किया गया है ताकि युवा प्रतिभाओं को प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स की दुनिया का व्यापक रूप से पता लगाने की मदद मिल सके। स्कूल का मुख्य फोकस छात्रों को पारंपरिक और पुरानी शिक्षण विधियों के बजाय नवीनतम तकनीकी प्रगति के साथ अपडेट रखना है। ऑर्किड्स में रोबोटिक्स के बारे में सबसे खास बात यह है कि यह छात्रों को अपने स्वयं के प्रोटोटाइप बनाने और उन्हें सार्वजनिक मंचों पर प्रदर्शित करने में मदद करता है। डॉ. कविता नागपाल, वीपी एकेडमिक्स–नॉर्थ, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने कहा, "आज विज्ञान और इंटरनेट का युग है। हम लगभग हर महीने नई खोजों, मल्टीवर्स, संवर्धित वास्तविकता और तरह–तरह के आविष्कारों को देखते हैं। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल नयी उन्नत तकनीक से लैस है। रोबोटिक्स जैसे तकनीकी विषयों में रुचि दिखाने वाले बच्चों की वर्तमान प्रवृत्ति का निरीक्षण करने में सक्षम होना एक बहुत खुशी से भर देता है। यह देश के उज्जवल भविष्य की ओर इशारा करता है। स्कूल का यह रोबोटिक्स एक्सहिबिशन कार्यक्रम बच्चों को विज्ञान में रूचि लेने के लिए और प्रेरित करेगा।"



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56, गुरुग्राम की प्रिंसिपल, श्रीमती विभा गुप्ता ने कहा, ह्लऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल सरकार द्वारा शुरू किए गए 5 अद्वितीय पाठ्यक्रम को शुरू करने वाले अग्रदूतों में से एक है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि यह आयोजन एनईपी पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने की पहलों में से एक है और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मेरे बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाने में सराहनीय काम किया है। मैं अपने शिक्षकों और माता–पिता को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।"

### बायजूस के छात्र नैतिक गुप्ता ने एनएसईजेएस स्टेज–2 एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 196 हासिल की

**हिसार।** हिसार, हरियाणा के एक 15 वर्षीय छात्र नैतिक गुप्ता ने नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन जूनियर साइंस स्टेज –2 परीक्षा में 196 की नेशनल रैंक हासिल करके अपने माता–पिता को गौरवान्वित किया है – एक प्रतिष्ठित इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा आयोजित बेसिक साइंसेज में फैलोशिप का राष्ट्रीय कार्यक्रम है । शुरू से ही मेधावी छात्र नैतिक ने हमेशा एक शोधकर्ता बनने का सपना देखा था। नैतिक की प्रभावशाली उपलब्धि और भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने इस परीक्षा में पूरे भारत के लगभग 1 लाख छात्रों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की थी!
पैलेडियम स्कूल, हिसार, हरियाणा का छात्र नैतिक हमेशा साइंस और टेक्नोलॉजी के प्रति जुनूनी रहा है और अंतरिक्ष में बदलाव लाने का सपना देखता है। विषयों के लिए अपने जुनून और अपने समर्पण के साथ, वह व्यक्तिगत ध्यान, इंटरएक्टिव क्लासेस, और बायजूस से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री तक पहुंच का श्रेय देते हैं, जिसमें उन्हें अकादमिक रूप से ट्रैक पर और चीजों के शीर्ष पर रखने के लिए 6 वीं कक्षा से नामांकित किया गया है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

# सीजेएम ने किया सेफ हाउस का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री जसबीर ने बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया ताकि जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर किया जा सके तथा उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। सेफ हाउस में कुल 04 जोड़े ठहरे हुए हैं।
सीजेएम ने कहा कि यदि उन्हें जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। सेफ हाउस के इंचार्ज को परिसर को साफ-सुथरा रखने के



निर्देश दिए। इस मौके पर उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। रनवे कपल्स से बातचीत के दौरान किसी भी कपल की ओर से उनके ठहरने और सुरक्षा को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। सीजेएम ने कहा कि ऐसा कोई भी भागा हुआ जोड़ा, डीएलएसए के कार्यालय में कार्यरत किसी भी सहायता के लिए संपर्क कर सकता है।

# 'अवैध रूप से गर्भपात करने वालों के खिलाफ हो निरंतर छापेमारी'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला उपायुक्त** अनीश यादव ने बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध रूप से गर्भपात करने वालों के खिलाफ निरंतर छापेमारी की जाए। इस अभियान में जिला पुलिस प्रशासन की भी सहायता लें।
बैठक के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने निसिंग में अवैध रूप से किए जा रहे गर्भपात के मामले में छापेमारी करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस छापेमारी में स्वास्थ्य विभाग ने अच्छा कार्य किया है। इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रहनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले के लिंगानुपात में सुधार करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए टास्क फोर्स को मिलकर बेहतर से बेहतर प्रयास करने चाहिए।



**गर्भवती महिलाओं का डाटा समय पर किया जाए दर्ज**
जिला उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का डाटा समय पर दर्ज किया जाए। जो भी आंगनवाड़ी व आशा वर्कर समय पर गर्भवती महिला का डाटा अपलोड नहीं करती है, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिले के अल्ट्रॉसाउंड केंद्रों पर नजर रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग अपनी टीमों को एक्टिव मोड पर रखें और जिन वैध एमटीपी सेंटरों पर गर्भपात किया जा सकता है, वहां के रिकॉर्ड की भी रैंडम तरीके से जांच की जाए। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि अवैध रूप से गर्भपात की दवाई और एमटीपी किट बेचने वालों को कतई बख्शा न जाए। ऐसे मेडिकल स्टोर संचालकों व अन्य लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग निरंतर छापेमारी अभियान चलाए। मेडिकल स्टोर पर नजर रखे, इसके अतिरिक्त गुप्त सूचना के आधार पर भी तत्काल कार्रवाई करें।

# योगासन पेट की चर्बी कम करने में बहुत सहायक: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जनसाधारण** को स्वस्थ करने के मिशन स्वस्थ भारत के उद्देश्य के साथ संचालक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क योग कक्षा में चलाए जा रहे आठ दिवसीय वेट लॉस चैलेंज के अंतर्गत शरीर के वजन को कम करने के लिए योगाभ्यास करवाया। सूक्ष्म व्यायाम, आसन के पश्चात उन्होंने पेट के बल लेटकर के जाने वाले आसनों का अभ्यास करवाया।
उन्होंने कहा कि आजकल फैट की समस्या बहुत आम हो चुकी है और हर कोई इससे परेशान है। योगासन पेट की चर्बी कम करने में बहुत सहायक है। पेट के बल लेट करके जाने वाले कुछ आसनों से वेट लॉस में मदद मिल सकती है उन्होंने भुजंगासन, धनुरासन, शलभासन, मकरासन पाद उत्तानासन, पाद चक्रासन, नौकासन आदि का अभ्यास कराया।



उन्होंने कहा कि इन आसनों से पेट और वजन तो कम होता ही है। साथ ही मेरुदंड में लचक और स्वस्थ रखने के लिए बहुत लाभकरी हैं और पेट से संबंधित रोग दूर होते हैं। नियमित अभ्यास से पाचन सुधारने और मेटाबॉलिज्म को रेगुलेट करने में काफी मदद मिलती है।

### 20 मार्च तक पुन: होगा फसल पंजीकरण: डॉ. वजीर

**पानीपत: मेरी** फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण के लिए सरकार द्वारा पुन: मौका दिया गया है, जिसके तहत पोर्टल 15 मार्च से 20 मार्च तक के लिए खोल दिया गया है।
यह जानकारी देते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पानीपत के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने किसानों का आह्वान किया है कि रबी सीजन की फसलों के लिए किसान शीध्र-से-शीघ्र पोर्टल एचटीटीपीएस://फसलडॉटहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन पर 20 मार्च तक अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करवाएं, अन्यथा उन्हें अपनी फसलों की बिक्री में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# बंदूक व कीमती सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा माह अक्टूबर 2022 में काछवा रोड रामनगर में स्थित एक घर में घुसकर कीमती सामान व लाईसेंसी बंदूक चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में आरोपी विरेन्द्र उर्फ सोनू पुत्र रजवंत सिंह वासी रामनगर करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर रामनगर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले फर्नीचर का काम करता था और वारदात से कई महिने पहले आरोपी उक्त मकान में फर्नीचर का काम करने के लिए गया था, जिसके कारण आरोपी को घर में बारे में जानकारी थी। आरोपी को यह भी पता था कि मकान मालिक विदेश गए हुए हैं। मकान मालिक ने अपने घर की देखभाल की जिम्मेदारी आरोपी व उसके भाई को दी हुई थी, क्योंकि पीडित व आरोपी का मकान पडोस में ही है और आपस में अच्छी जान पहचान है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी विरेन्द्र नशा करने का आदी है और नशे की हालत में ही एक दिन आरोपी उक्त मकान में घुस गया और उस मकान में से नगदीए चांदी के सिक्केए जेवरातए मोबाइल फोनए कैमराए एक बंदूक व अन्य घरेलू सामान चोरी करके फरार हो गया था। जब इस घटना



का पता मकान मालिक को लगा तो उसके द्वारा इस संबंध में थाना रामनगर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी करने का मामला दर्ज करवाया गया। इस घटना के बारे में जब मीडिया में खबर चली तो आरोपी डर गया और डर के कारण रात के समय चोरी की गई बंदूक को घर के पास एक जगह पर रखकर फरार हो गया था, जिसको पुलिस टीम द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया था। आरोपी ने बाकी चोरीशुदा सामान डर के कारण करनाल की अलग-अलग नहरों में फेंक दिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा दो कैमरे व एक कारतूस बरामद कर लिया गया है।
विदित हो कि इस वारदात के संबंध में 10 अक्टूबर 2022 को थाना रामनगर में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता सतिन्द्र कुमार वासी रामनगर ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह किसी काम से दिल्ली गया हुआ था।

# 'बिजली को लूट का साधन बना रही है खट्टर सरकार'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आदमी** पार्टी दिल्ली में 200 यूनिट और पंजाब में 300 यूनिट फ्री बिजली देने का काम कर रही है। वहीं हरियाणा में खट्टर सरकार ने बिजली को लूट का साधन बना दिया है। खट्टर सरकार पर ये आरोप आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने लगाए। वे बुधवार को करनाल के गोल्डन मोमेंट्स में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को करनाल के गांव झींडा और रतक में लोगों के बिजली मीटर अधिकारियों ने जब्त कर लिए। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने गांव के लोगों पर धौंस जमा कर जबरदस्ती उनके साथ ज्यादती की।




उन्होंने आरोप लगाया कि देर शाम लोगों के घरों में दीवार फांद कर बिजली अधिकारी घुस जाते हैं और लोगों के विरोध जताने पर उनको चोर साबित कर दिया जाता है। झूठे केस दर्ज कर दिए जाते हैं। बिजली अधिकारियों ने लोगों से ठगी करने के नए तरीके ढूंढ लिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के गांवों में सरकार के खिलाफ रोष हैए आने वाले दिनों में टकराव बढ़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली और पंजाब में 80 प्रतिशत लोग फ्री बिजली की सुविधा ले रहे हैं।
उन्होंने कहा कि इसके साथ लोगों के घरों से पुराने मीटर उतारे जा रहे हैं और नए मीटर लगाए जा रहे हैं। सरकार प्राइवेट कंपनियों से सांठगांठ कर प्रदेश की जनता को लूट रही है। उन्होंने कहा कि कई जगह लोगों ने बताया है कि नए मीटर पुराने से तेज चलते हैं। सरकार नए नए तरीके अपनाकर प्रदेश की जनता को लूटने के तरीके ढूंढ रही हैं।

### पूर्व विधायक ने चलाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने हल्का नांगल चौधरी में आज हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया। प्रतिनिधिमंडल मे जसवंत सिंह शेरावत प्रदेश सचिव कांग्रेस, बिनोद यादव पूर्व जिला पार्षद, मास्टर महेन्द्र सिंह, रामजस शर्मा,बाबूलाल, चौधरी दिलबाग, रोहताश चौधरी, नरेश रावत, किशन शर्मा,रामफल बोहरा, छोटेलाल, नीरज,हेमन्त, करतार, सोहनलाल तथा धर्मपाल शर्मा शामिल थे। इन्होने गांव कालबा, नायन, थनवास,नूनिया नांगल, ढाकोड़ा, सोडा नांगल, बनिहाड़ी, ब्राह्मणवास, आसरावास,गोठड़ी, बूढ़वाल, नौलायजा में चलाया अभियान ।

# चिरायु हरियाणा योजना के पात्रों के जल्द से जल्द बनाए जाए चिरायु कार्ड: अनीश यादव

## शत-प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित कर जारी रहे चिरायु कार्ड बनाने का कार्य

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला के सभी पात्र व्यक्तियों के चिरायु हरियाणा कार्ड बनाए जाए। जो भी लाभार्थी अभी तक चिरायु कार्ड नहीं बनवा सके हैं, उनसे आशा वर्कर व दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करते हुए कार्ड बनवाने की सूचना दी जाए। ताकि कोई भी पात्र परिवार इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को शत-प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित कर चिरायु कार्ड बनाने का कार्य मिशन मोड में जारी रखने के भी निर्देश दिए।
उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ चिरायु हरियाणा योजना को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन गांवों में सबसे ज्यादा पात्र परिवार अभी तक कार्य नहीं बनवा सके हैं, उन गांवों में विशेष रूप से कैंप लगाए जाएं। इसके साथ-साथ कॉल सेंटर के माध्यम से जिन परिवारों का नाम सूची में है, उन्हें सूचित किया जाए। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि चिरायु स्कीम हरियाणा सरकार की फ्लैगशिप स्कीम है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की यह सोच है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का भला हो।



सरकार उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रख रही है। तभी इस योजना के अंतर्गत 1 लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवारों का चिरायु कार्ड बनाया जा रहा है। इससे उनके परिवार का कोई भी सदस्य 5 लाख रुपये तक का ईलाज मुफ्त में करवा सकता है।
जिले में अभी तक बने 5 लाख 66 हजार 308 कार्ड, 87 हजार 176 नए पात्रों को सरकार ने सूची में जोड़ा बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर योगेश कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि अभी तक जिला में 5 लाख 66 हजार 308 चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 16 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# धामी सरकार ने पेश किया बजट

## 77,40,70, 837 हजार करोड़ का बजट, इकोलॉजी और इकोनामी का संतुलन पर केंद्रित करने का प्रयास किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/भराड़ीसैंण (गैरसैंण)**

**उत्तराखंड** की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में 77,40,70, 837 हजार करोड़ का बजट सदन में पेश किया। भोजनावकाश के बाद करीब दो बजे सदन के नेता पुष्कर सिंह धामी और वित्त मंत्री डा. प्रेम चंद अग्रवाल सदन में पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी धोती कुर्ता के साथ पहाड़ी टोपी पहने हुए थे। इसके बाद वित्त मंत्री डा.अग्रवाल ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 का 77,40,70,837 हजार करोड़ का उत्तराखंड का बजट सदन में पेश किया। उन्होंने राज्य की अनुमानित आय 76592.54 करोड़ रहने की उम्मीद जताई है। इसमें 57,057.26 करोड़ राजस्व प्राप्ति और 19,535.28 करोड़ पूंजीगत प्राप्तियों का आय का




अनुमान है। इस वित्तीय वर्ष में कोई राजस्व घटा अनुमानित नहीं है। वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने अपने बजट भाषण में कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सात प्राथमिक बिंदुओं, मानव पूंजी में निवेश, समग्र कल्याण की दृष्टि से क्षमता संवर्धन से समावेशी विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभता, पूंजीगत सुविधाओं व्यय में वृद्धि और सार्वजनिक सम्पतियों का सृजन व अनुरक्षण, निर्बाध और सुरक्षित संयोजकता, प्रौद्योगिकी आधारित विकास, इकोलॉजी और इकोनामी का संतुलन पर केंद्रित करने का प्रयास किया गया है। यह अमृतकाल का पहला बजट है। वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने 77,40,70,837 हजार करोड़ का बजट सदन पेश करते हुए बताया कि राज्य की अनुमानित आय 76,592.54 करोड़ और 57057.26 राजस्व प्राप्ति और 19535.28 करोड़ पूंजीगत प्राप्तियों का आय का उम्मीद है।

केंद्रीय कर से उत्तराखंड को 31402.48 करोड़ राज्यांश के रूप में मिलेगा। जोशीमठ के लिए बजट में एक हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। जी- 20 के लिए 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। धामी सरकार ने सबसे ज्यादा बड़ा हिस्सा 1 हजार 459.55 करोड़ शिक्षा पर और स्वास्थ्य पर 4217.87 करोड़ खर्च किया जाएगा। समाज कल्याण, महिला बाल कल्याण पर इस वित्तीय वर्ष में 2850.24 करोड़ खर्च होंगे जबकि नंदा गौरा योजना के लिए 282.5 करोड़ का बजट रखा गया है। पीडब्ल्यूडी के हिस्से में 2791.83 करोड़ रुपये आए हैं।

### राजस्व घाटा अनुमानित नहीं

**समेकित** निधि वर्ष 2023-24 के बजट में कोई राजस्व घाटा अनुमानित नहीं है बल्कि चार हजार तीन सौ नौ करोड़ पचपन लाख का राजस्व सरप्लस सम्भावित है। नौ हजार छियालीस करोड़ इक्यानबे लाख का राजकोषीय घाटा होने का अनुमान है, जोकि सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.72 प्रतिशत है। लोक लेखा से समायोजन में वर्ष 2023-24 में समेकित निधि का घाटा पूरा करने के लिए छह सौ करोड़ लोक लेखा से समायोजित किये जायेंगे। शेष वर्ष 2023-24 के अनुमानित प्रारम्भिक शेष एक सौ पैंतालीस करोड़ छियासठ लाख वर्ष की प्राप्तियों एवं व्यय पश्चात अन्तिम शेष एक सौ इक्यासी करोड़ ग्यारह लाख धनात्मक रहना अनुमानित है।

### स्वरोजगार और रोजगार के लिए विशेष व्यवस्था

**उद्योग** विभाग में वित्तीय वर्ष 461.31 करोड़ वर्क फोर्स डेवलेपमेंट के लिए 100 करोड़, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 40 करोड़, प्रमोशन ऑफ इंवेस्टमेंट स्टार्टअप और इंटरप्रिन्योरशिप योजना के लिए 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है। विभिन्न नीतियों के तहत उद्योगों को अनुदान के लिए 26 करोड़ और पर्यटन विभाग में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 302.04 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उत्तराखंड राज्य पर्यटन विकास परिषद के लिए 63.00 करोड़ और विकास के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 60.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है। टिहरी झील का विकास के निर्माण के लिए 15.00 करोड़ और धाम यात्रा/ मार्गों पर आधारभूत सुविधाओं का निर्माण/ विकास के लिए 1000 करोड़ का दिया गया है।

### कर्मचारियों के वेतन भत्तों पर खर्च

**कर्मचारियों** के वेतन-भत्तों आदि पर लगभग सत्रह हजार तीन सौ पंचानबे करोड़ पन्द्रह लाख, सहायता प्राप्त शिक्षण व अन्य संस्थाओं व कर्मचारियों के वेतन भत्तों के रूप में लगभग एक हजार चार सौ चौबीस करोड़ उन्चास लाख, पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्तिक लाभों के रूप में सात हजार छः सौ एक करोड़ अट्ठानबे लाख, व्यय अनुमानित है। वर्ष 2023-24 में कुल व्यय सतहत्तर हजार चार सौ सात करोड़ आठ लाख अनुमानित है। कुल व्यय में बावन हजार सात सौ सैंतालिस करोड़ एकहत्तर लाख राजस्व लेखे का व्यय है और चौबीस हजार छह सौ उनसठ करोड़ सैंतीस लाख पूंजी लेखे का व्यय है।

## न्यूज फ्लैश

### डोडा पोस्त व अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

**रेवाड़ी:** राजस्थान से नशीला पदार्थ लेकर पंजाब जा रहे तीन युवकों को मंगलवार की देर शाम राजकीय रेलवे पुलिस ने रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपित पंजाब के जिला बठिंडा के कस्बा माही नांगल के रहने वाले जगसीर, सतपाल सिंह व इकबाल सिंह है। तीनों राजस्थान से डोडा पोस्त व अफीम लेकर पंजाब जा रहे थे। तीनों आरोपितों से पुलिस ने 62 किलोग्राम डोडा पोस्त व अफीम बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय रेलवे पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल के जवान मंगलवार की देर शाम स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को प्लेटफार्म नंबर सात पर यार्ड की ओर से एक युवक बैग लेकर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को सामने से आते देख कर युवक वापस मुड़ गया और स्टेशन से बाहर की तरफ चल दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने युवक को काबू कर लिया और बैग में सामान के बारे में पूछताछ की तो वह घबरा गया। पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें डोडा पोस्त भरा हुआ था। सूचना के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंच गए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी के दौरान आरोपित के बैग से डोडा पोस्त बरामद हो गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पंजाब के बठिंडा के कस्बा माही नंबर का रहने वाला जगसीर बताया। पुलिस ने आरोपित के दो और साथी सतपाल सिंह व इकबाल सिंह को भी स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित भी माही नांगल के रहने वाले है। जीआरपी थाना पुलिस ने आरोपित जगसीर से 21.918 किलोग्राम डोडा पोस्त, सतपाल सिंह से 13.044 किलोग्राम डोडा पोस्त व 216 ग्राम अफीम और इकबाल सिंह से 17.732 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक आयोजित

**रायपुर:** रायपुर जिले में घरों और प्लाटों पर अनाधिकृत तरीके से बनाएं गये भाग का नियमितिकरण अब तेजी से हो रहा है। जिले में अब-तक तीन हजार 438 अनाधिकृत निर्माण कार्य नियमित किये जा चुके है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे की अध्यक्षता में बुधवार को नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक में भी एक हजार 410 प्रकरणों को नियमित किया गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई आज की बैठक में रायपुर नगर-निगम क्षेत्र के एक हजार 275, बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के 101 प्रकरणों के साथ नगर निवेश क्षेत्रों के 34 अनाधिकृत निमार्णों को नियमित कर दिया गया। बैठक में नियमित किए गए प्रकरणों में से रायपुर नगर निगम क्षेत्र में सबसे अधिक 979 प्रकरण आवासीय और 296 गैर आवासीय अनाधिकृत निर्माण के है।

### स्कूल की वैन पलटी, आठ बच्चे घायल

**टीम एक्शन इंडिया/बांदा**

वैन में सवार होकर स्कूल जा रहे बच्चे बुधवार को उस समय दुर्घटना का शिकार हो गया जब गाड़ी की स्टेरिंग फेल हो गई। ब्रेक लगाने पर स्कूली बच्चों से भरी वैन पलट कर खंती में जा गिरी। इस हादसे में चालक समेत आठ बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को बबेरू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से दो बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया है। सनराइज पब्लिक स्कूल बबेरू में पढ़ने वाले कुछ छात्र-छात्राएं वैन में सवार होकर बुधवार को मरका से बबेरू जा रहे थे।

### धमकी मामले में गुजरात पुलिस ने दो और युवकों को किया

**टीम/एक्शन इंडिया/भोपाल**

**अहमदाबाद** में भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के दौरान धमकी देने के मामले में गुजरात पुलिस ने मध्य प्रदेश से दो और युवकों को गिरफ्तार किया है। अहमदाबाद से क्राइम ब्रांच और साइबर सेल की टीम ने बुधवार देर रात छतरपुर में दबिश देकर दो लोगों को पकड़ा और अपने साथ अहमदाबाद ले गई। इससे पहले इसी मामले में 10 मार्च को भी सतना और रीवा से दो लोगों को पकड़कर गुजरात पुलिस अहमदाबाद ले गई थी। नौ फरवरी को अहमदाबाद में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का मैच था।

## जातिगत जनगणना: अखिलेश पर बरसे राजभर



**कार्यकर्ता सम्मेलन**

■ लालगंज लोकसभा में कार्यकर्ता बैठक में एक बार फिर ओपी राजभर ने कांग्रेस से गठबंधन के जहां संकेत दिए

**टीम एक्शन इंडिया/आजमगढ़**

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे सुभासपा के राष्टीय अध्यक्ष जनपद में ताबडतोड़ कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। आजमगढ़ के बाद लालगंज लोकसभा में कार्यकर्ता बैठक में एक बार फिर ओपी राजभर ने कांग्रेस से गठबंधन के जहां संकेत दिए वहीं सीएम योगी के नवरात्र में रामायण पाठ को जायज करार दिया तो स्वामी प्रसाद मौर्या व अखिलेश यादव पर जमकर बरसे। जिले के लालगंज लोकसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकताओं ने जमकर स्वागत किया। इस अवसर पर ओपी राजभर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान अपने-अपने धर्म को मानने व काम करने का दिया था तो सरकार उसी संविधान के तहत यह कार्य कर रही है। सपा के स्वामी प्रसाद मौर्या का बिना नाम लिए सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर ने कहा कि जब उनको तुलसीकृत रामायण की चौपाई से तकलीफ थी तो उनको मोतियाबिंद हुआ था। वे चार बार बसपा से मंत्री थे, बसपा की सत्ता जाते देखा तो रामम शरण गच्छामि हो गए और उसी तुलसीकृत रामायण पर माला-फूल अगरबत्ती चढ़ाने लगे, रामायण पढ़ने लगे। बेटी को सांसद बनवाया व अपने मंत्री बन गए।

पांच सालों तक महिलाओ, दलितो व पिछड़ो का अपमान दिखाई नहीं दिया। फिर देखा कि सत्ता जा सकती है तो अखिलेशम शरणम गच्छामि हो गए। चुनाव लड़े लेकिन जमीन पर लोट गए।

